दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-113 | झुंझुनू (राजस्थान) | बुधवार, 18 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'सच्ची समझदारी वही है जो सफलता में विनम्र और कठिनाइयों में धैर्यवान बनाए; क्योंकि वही व्यक्ति जीवन की हर परिस्थिति में संतुलन बनाए रख पाता है।'

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

### चिंता, कर्ज और प्रेम – मनुष्य के जीवन की तीन अनिवार्य सच्चाइयाँ

मनुष्य का जीवन केवल इच्छाओं और उपलब्धियों की कहानी नहीं है, बल्कि भावनाओं, जिम्मेदारियों और परिस्थितियों का भी जटिल संगम है। जीवन की यात्रा में कई ऐसे अनुभव आते हैं जो व्यक्ति को भीतर से झकझोर देते हैं और उसकी सोच तथा व्यवहार को प्रभावित करते हैं। चिंता, कर्ज और प्रेम—ये तीनों ऐसे अनुभव हैं जो मनुष्य के जीवन को गहराई से प्रभावित करते हैं। ये केवल भावनाएँ या स्थितियाँ नहीं हैं, बल्कि वे शक्तियाँ हैं जो व्यक्ति के निर्णय, उसके व्यवहार और उसकी मानसिक अवस्था को भी दिशा देती हैं। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

चिंता मनुष्य के जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है। जब कोई व्यक्ति अपने परिवार, काम, भविष्य या समाज के प्रति जिम्मेदारी महसूस करता है, तो उसके मन में चिंता का जन्म होना स्वाभाविक है। एक तरह से चिंता यह दर्शाती है कि व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और संवेदनशील है। यदि जीवन में कोई जिम्मेदारी न हो तो शायद चिंता भी न हो। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब चिंता संतुलन से बाहर हो जाती है और व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगती है। अत्यधिक चिंता मनुष्य की ऊर्जा और आत्मविश्वास को धीरे-धीरे कम कर देती है। इसलिए आवश्यक है कि चिंता को जीवन का स्वाभाविक हिस्सा मानते हुए उसे संतुलित दृष्टिकोण से संभाला जाए। कर्ज भी मनुष्य के जीवन की एक कठोर वास्तविकता है। आर्थिक आवश्यकताओं और परिस्थितियों के कारण कई बार व्यक्ति को कर्ज लेना पड़ता है। कर्ज अपने आप में बुरा नहीं होता, लेकिन जब यह व्यक्ति की क्षमता और परिस्थितियों से अधिक हो जाता है, तब यह मानसिक तनाव और आर्थिक दबाव का कारण बन जाता है। कर्ज व्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित कर देता है और उसे लगातार चिंता की स्थिति में रखता है। यही कारण है कि समाज में यह कहा जाता है कि कर्ज का बोझ केवल जेब पर ही नहीं, बल्कि मन और आत्मा पर भी पड़ता है।

इतिहास और समाज में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जहाँ कर्ज के कारण लोगों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है। इसलिए आर्थिक अनुशासन और संतुलित जीवनशैली का महत्व अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं और संसाधनों के बीच संतुलन बनाए रखे, तो कर्ज की स्थिति से काफी हद तक बचा जा सकता है।
इन दोनों के विपरीत प्रेम जीवन की सबसे सुंदर और सकारात्मक भावना मानी जाती है। प्रेम मनुष्य को संवेदनशील, उदार और मानवीय बनाता है। यह केवल दो व्यक्तियों के बीच का संबंध नहीं है, बल्कि यह जीवन को अर्थ और उद्देश्य देने वाली भावना है। प्रेम के कारण ही मनुष्य त्याग, समर्पण और करुणा जैसे गुणों को अपनाता है। लेकिन प्रेम भी कई बार व्यक्ति को भावनात्मक रूप से निर्भर बना देता है। जब प्रेम में अपेक्षाएँ और असंतुलन बढ़ने लगते हैं, तो वही प्रेम व्यक्ति के लिए पीड़ा का कारण भी बन सकता है। चिंता, कर्ज और प्रेम—ये तीनों इस बात को स्पष्ट करते हैं कि मनुष्य पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं है। उसके जीवन पर परिस्थितियों और भावनाओं का गहरा प्रभाव पड़ता है। कई बार व्यक्ति सोचता है कि वह अपनी किस्मत का निर्माता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि जीवन में अनेक घटनाएँ ऐसी होती हैं जो हमारे नियंत्रण से बाहर होती हैं। समय और परिस्थितियाँ कई बार हमारी दिशा तय कर देती हैं।

लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि मनुष्य पूरी तरह असहाय है। वास्तव में जीवन की सबसे बड़ी कला यही है कि हम इन परिस्थितियों का सामना किस प्रकार करते हैं। चिंता को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। कर्ज को अनुशासन, योजना और धैर्य से कम किया जा सकता है। और प्रेम को समझदारी, सम्मान और संतुलन के साथ निभाया जा सकता है। जीवन का संतुलन तभी संभव है जब व्यक्ति इन तीनों तत्वों को समझदारी के साथ स्वीकार करे। चिंता हमें जिम्मेदार बनाती है, कर्ज हमें आर्थिक अनुशासन का महत्व सिखाता है और प्रेम हमें मानवीय संवेदनाओं से जोड़ता है। यदि इन तीनों को सही दृष्टिकोण से देखा जाए, तो ये जीवन को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने वाले अनुभव बन सकते हैं।

**अंततः** यह कहा जा सकता है कि जीवन केवल नियंत्रण और योजनाओं से नहीं चलता, बल्कि यह भावनाओं और परिस्थितियों का भी परिणाम होता है। चिंता, कर्ज और प्रेम हमें यह याद दिलाते हैं कि मनुष्य केवल एक तर्कशील प्राणी नहीं है, बल्कि वह संवेदनशील और भावनात्मक भी है। महत्वपूर्ण यह नहीं कि ये परिस्थितियाँ हमारे जीवन में आती हैं या नहीं, बल्कि यह है कि हम उनका सामना कितनी समझदारी, धैर्य और संतुलन के साथ करते हैं। यही दृष्टिकोण जीवन को परिपक्वता और सार्थकता प्रदान करता है।

# राजस्थान में जल्द शुरू होगा जल जीवन-मिशन का दूसरा चरण: जेजेएम 2.0 के तहत एमओयू करने वाला पहला राज्य बना

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** प्रदेश में जल जीवन मिशन का दूसरा चरण जल्द शुरू होगा। इसे लेकर जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के तहत राजस्थान ने जल शक्ति मंत्रालय के साथ एमओयू किया है। जेजेएम 2.0 के तहत केंद्र से एमओयू करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बना है। यह एमओयू मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जलदाय मंत्री कन्हैया लाल की मौजूदगी में साइन किया गया। प्रदेश में वर्ष 2019 में जेजेएम का पहला चरण शुरू हुआ था। इसमें कथित घोटाले की जांच एसीबी, सीबीआई और ईडी कर रही है। मामले में कांग्रेस के तत्कालीन जलदाय मंत्री महेश जोशी की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। फिलहाल वे सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर हैं।



### एमओयू से प्रदेश में जल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा- राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए इसके लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया था। वहां से अनुमति मिलने के बाद यह एमओयू साइन किया गया है। यह एमओयू राज्य में जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने और प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### सीएम बोले- केंद्र और राज्य में समन्वय से मिशन को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इससे विशेष रूप से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आएगा और दैनिक जीवन अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनेगा। उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के विस्तारित स्वरूप को स्वीकृति मिलने के बाद मिशन को अधिक प्रभावी, जवाबदेह एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में तेज गति से कार्य किया जा रहा है।

## अम्बेडकर विकास मंच मोलावास की तृतीय सर्व समाज प्रतिभा खोज परीक्षा 2025: युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** मुंडावर उपखंड के गांव मोलावास में अम्बेडकर विकास मंच मोलावास द्वारा तृतीय सर्व समाज प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 का आयोजन मुंडावर तहसील स्तर पर किया जा रहा है। इस परीक्षा में भाग लेने के लिए इच्छुक विद्यार्थी 31 मार्च 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन रविवार 05 अप्रैल 2026 को प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा तीन अलग-अलग वर्गों में आयोजित होगी और सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का रहेगा। ग्रुप प्रथम में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय शामिल किए गए हैं। ग्रुप द्वितीय में कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, कम्प्यूटर और सामाजिक ज्ञान विषय निर्धारित हैं। ग्रुप तृतीय में कक्षा 11, 12 एवं स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, रिजनिंग, कम्प्यूटर और सामान्य ज्ञान विषय शामिल किए गए हैं।पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्था के नंबरों पर अपनी फोटो, आधार कार्ड (दोनों तरफ), मार्कशीट और मोबाइल नंबर भेजकर आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक ग्रुप में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 14 अप्रैल 2026 को अम्बेडकर विकास मंच मोलावास द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष सोमदत्त अहरोदिया, सचिव महेश कुमार, कोषाध्यक्ष रोहिताश बाबुजी सहित हजारीलाल, राकेश कुमार, राधेश्याम, मदनलाल, रामानंद, कुलदीप, मनीष, अमित कुमार, भाग सिंह और राजसिंह पंच ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से इस परीक्षा में भाग लेने की अपील की है।

## कोटपूतली-बहरोड़ के नए एसपी सतवीर सिंह ने संभाला पदभार, कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की दी प्राथमिकता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नए पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी सतवीर सिंह ने एसपी कार्यालय में आयोजित समारोह में निवर्तमान एसपी डीआईजी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई से कार्यभार संभाला। इस अवसर पर पुलिस टुकड़ी ने सतवीर सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उन्होंने कहा कि जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसों में कमी लाना और कानून व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण उनका मुख्य उद्देश्य होगा। सतवीर सिंह ने कहा कि वे जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अनुशासित, संवेदनशील और जवाबदेह पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही संगठित अपराध, महिला और बालिका



सुरक्षा, साइबर पुलिसिंग पर चर्चा की और थानों की कार्यशैली में पारदर्शिता लाने की बात कही। सतवीर सिंह ने कहा कि वे नवगठित जिले में कानून व्यवस्था को लेकर आ रही चुनौतियों का योजनाबद्ध तरीके से सामना करेंगे। उन्होंने पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं को प्रभावी रूप से लागू करने की बात कही।

## महेंद्रगढ़ की बच्ची को मिलेगा रू99.93 लाख का मुआवजा

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**नारनौल ।** महेंद्रगढ़ जिले के मंडी अटेली क्षेत्र के गांव नावदी में 4 साल पहले करंट लगने से दिव्यांग हुई बच्ची को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ा राहत दी है। कोर्ट ने 92 प्रतिशत स्थायी दिव्यांग हुई बच्ची को 99.93 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है।

अटेली के गांव नावदी निवासी दिल्ली पुलिस में कार्यरत राजकुमार की बेटी अंशु (अब 10 वर्ष) 25 जनवरी 2022 को घर की छत पर खेल रही थी। उस समय वह 6 साल की थी। इसी दौरान घर के पास से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से उसे करंट लग गया। हादसे में उसका दाहिना हाथ कंधे से काटना पड़ा और वह 92 प्रतिशत दिव्यांग हो गई। परिजनों के अनुसार हादसे के बाद से बच्ची की पढ़ाई प्रभावित हुई है और उसे लगातार इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ता है। अंशु के पिता राजकुमार ने पहले जिला कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर पहले बिजली निगम ने अपनी नीति के तहत 18.92 लाख रुपए का मुआवजा दिया था, जिसे पीड़ित पक्ष ने अपर्याप्त बताते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी।

## 'पुलिस और मीडिया दोनों समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ':एसपी जय यादव के प्रमोशन पर हुआ अभिनंदन समारोह

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**चूरू ।** चूरू में एसपी जय यादव के डीआईजी पद पर पदोन्नति और उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में मंगलवार को सूचना केंद्र में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसपी जय यादव ने कहा कि जिले में पुलिस और मीडिया के बेहतर समन्वय से 'अपराधियों में डर, आमजन में विश्वास' का उद्देश्य साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस और मीडिया दोनों समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। इनके सकारात्मक सहयोग से अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। यादव ने मीडिया की रचनात्मक भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह पुलिस के कार्यों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार, डीएसपी सुनील झाझड़िया और एपीआरओ मनीष कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भी जय यादव की कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से लोगों का भरोसा बढ़ा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा ने की। अंत में मीडियाकर्मियों ने जय यादव को शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कुंजबिहारी बिरमीवाला ने किया।

## सांखू हनुमानगढ़ के सेवानिवृत्त सैनिक विश्वनाथ सैनी ने लहराया सफलता का परचम

### केनरा बैंक व राजस्थान ग्रामीण बैंक में लिपिक पद पर हुआ एक साथ चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

तहसील अंतर्गत सांखू हनुमानगढ़ के सैनी परिवार के लिए भारतीय नववर्ष दोहरी खुशियां लेकर आया है। भारतीय सेना में करीब 21 वर्ष तक अपनी सेवाएं देने वाले विश्वनाथ सैनी ने सफलता का परचम लहराते हुए दो बैंकों में लिपिक पद पर चयनित होने में कामयाबी हासिल की है। यह जानकारी देते हुए पारिवारिक सदस्य व



सामाजिक कार्यकर्ता सांखू हनुमानगढ़ हाल जयपुर निवासी बाबूलाल सैनी ने बताया कि परिवार के होनहार व प्रतिभाशाली विश्वनाथ सुपुत्र शिवचंद सैनी ने 31 जनवरी 2002 में भारतीय सेना में भर्ती होकर 31 जनवरी 2023 को भारतीय सेना से मास्टर चीफ पैटी आफिसर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद बैंक की तैयारी में जुट गए। उन्होंने बताया कि विश्वनाथ की मेहनत रंग लाई और केनरा बैंक एवं राजस्थान ग्रामीण बैंक में एक साथ लिपिक के पद पर चयन होने में कामयाबी हासिल करने पर पारिवारिक सदस्यों, शुभचिंतकों, सहयोगियों व समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## उरीका की सलोनी का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जूडो में चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।**

शारीरिक शिक्षा अध्यापक व जूडो कोच राहुल नायक ने बताया की उरीका की सलोनी पुत्री उम्मेद सिंह का चयन भोपाल में आयोजित हुई वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। अब सलोनी चंडीगढ़ विश्वविद्यालय,मोहाली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय जूडो प्रतियोगिता जो की 18 से 22




मार्च 2026 को आयोजित होगी प्रतियोगिता में सलोनी 57 किलो भार वर्ग में शेखावाटी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी, सलोनी आर.के.जे.के. बरासिया महाविद्यालय, सूरजगढ़ की छात्रा है चयन होने पर प्राचार्य रवि शर्मा ने बधाई दी उरीका के प्रधानाचार्य विनोद कुमार जांगिड़ ने बताया कि सलोनी स्थानीय विद्यालय में जूडो का नियमित अभ्यास करती है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बलबीर सिंह,उप सरपंच अशोक शर्मा, सुरजभान, जेपी शर्मा, ईश्वर सिंह, घनश्याम जांगिड़ आदि खिलाड़ी को शुभकामनाएं दी।





# तनाव के कारण बाल झड़ रहे हैं, तो दवा की बजाए इन चीजों को जरूर करें ट्राई

विशेषज्ञ बार-बार कहते हैं कि तनाव को कंट्रोल करें। मगर यह हो नहीं पाता। तनाव का असर आपकी इम्युनिटी, मूड और बालों पर भी दिखाई देता है। अगर तनाव के कारण आपके बाल झड़ रहे हैं, तो आपको अपनी मदद के लिए कुछ चीजें करनी होंगी।आज के समय में हेयर फॉल की समस्या बेहद आम हो चुकी है। परंतु क्या आप जानते हैं इसके पीछे आपका मानसिक तनाव भी जिम्मेदार हो सकता है। हालांकि, यह सभी ने नोटिस किया होगा कि जब भी हम मानसिक रूप से अत्यधिक तनाव में होते हैं, या एंजायटी ऑफ़ डिप्रेशन में होते हैं, तो हेयर फॉल की समस्या बढ़ जाती है। परंतु क्या आपने कभी इसके बारे में जानने की कोशिश की है, आखिर ऐसा क्यों होता है? यदि नहीं, तो आपको इस कांसेप्ट का पता होना जरूरी है। बहुत सी महिलाएं स्ट्रेस हेयर फॉल की शिकार हैं। तो चलिए हेल्थ शॉट्स के साथ जानते हैं, स्ट्रेस और हेयर फॉल का कनेक्शन साथ ही जानेंगे स्ट्रेस हेयर फॉल को कैसे मैनेज करना है। स्ट्रेस और हेयर फॉल के कनेक्शन के बारे में विस्तार से समझने के लिए हेल्थ शॉट्स ने सीके बिरला हॉस्पिटल, गुरुग्राम की डर्मेटोलॉजी डिपार्टमेंट की कंसल्टेंट डॉ सीमा ओबेरॉय लाल से बात की। तो चलिए डॉक्टर से जानते हैं, इस बारे में क्या है उनकी राय।

**1. टेलोजेन एफ्लुवियम का कारण बन सकता है-** जन्म देने, सर्जरी, बीमार होने या भावनात्मक तनाव का अनुभव करने सहित जीवन की तनावपूर्ण घटनाएं टेलोजेन एफ्लुवियम का कारण बन सकती हैं, जो बालों के झड़ने का एक रूप है। ऐसा तब होता है जब हेयर फॉलिकल्स का एक महत्वपूर्ण हिस्सा टेलोजन स्टेज में जल्दी पहुंच जाता है, जिससे बालों का झड़ना बढ़ जाता है। इस प्रकार का हेयर फॉल आम तौर पर अस्थायी होता है, फिर भी यह कुछ समय नहीं लोगों को काफी ज्यादा परेशान कर देता है।

**2. एलोपेसिया एरियाटा की स्थिति-**स्ट्रेस उन स्थितियों में से एक है, जो एलोपेसिया एरियाटा को शुरू या खराब कर सकता है, यह एक ऑटोइम्यून विकार है जिसमें शरीर अपने हेयर फॉलिकल्स पर हमला करता है, जिसके परिणामस्वरूप बाल झड़ने लगते हैं। एलोपेसिया एरीटा का सटीक कारण अज्ञात है, लेकिन इस समस्या के प्रति संवेदनशील लोगों में परेशानी के बढ़ने का एक कारण तनाव भी है।

**3. असंतुलित हार्मोस-**अत्यधिक तनाव की स्थिति में बॉडी में हार्मोन के स्तर में उतार चढ़ाव आता है, जिससे कोर्टिसोल जैसे स्ट्रेस केमिकल्स का स्तर बढ़ जाता है। समय के साथ, कोर्टिसोल के ऊंचे स्तर के कारण हेयर फॉल और हेयर थिनिंग की समस्या हो सकती है। असंतुलित हार्मोस हेयर फॉलिकल्स के साथ ही हेयर ग्रोथ को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

**4. ट्राइकोटिलोमेनिया-**ट्राइकोटिलोमेनिया एक साइकोलॉजिकल डिजीज है, जिसमें व्यक्ति को बाल नोचने की जुनूनी इच्छा होती है, जो तनाव से और भी बदतर हो सकती है। लंबे समय तक तनाव में बाल खींचने पर ट्राइकोटिलोमेनिया की स्थिति अधिक गंभीर हो सकती है, जिससे संवेदनशील लोगों में हेयर फॉल और हेयर थिनिंग की समस्या होती है।

**5. लाइफस्टाइल के प्रभावित होने से-**तनाव की स्थिति में लोगों की नियमित लाइफस्टाइल की गतिविधियां बेहद प्रभावित होती हैं, जैसे भोजन, नींद की स्वच्छता और सामान्य स्वास्थ्य पर भी अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। जिससे बाल झड़ने की समस्या हो सकती है। अस्वास्थ्यकर व्यवहार, अपर्याप्त नींद और खराब आहार सभी बालों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं और बालों के झड़ने का कारण बन सकते हैं।अब जानें स्ट्रेस हेयर फॉल को कंट्रोल करने के कुछ खास टिप्स



**1. मेडिटेशन, माइंडफुलनेस और डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज-**यदि आप अत्यधिक तनाव में है, तो सबसे पहले आपको डिस्ट्रेस होने की कोशिश करनी चाहिए। तनाव के स्तर में कमी आना हेयर फॉल सहित तमाम अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का एक उचित समाधान है। मेडिटेशन, माइंडफूलनेस एक्टिविटी और डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइ जैसी गतिविधियों में भाग लेकर आप अपने तनाव को कम कर सकती हैं। जिससे कि धीरे-धीरे बॉडी वापस से बैलेंस होती है, और हेयर फॉल की समस्या भी कम होती है।

**2. स्कैल्प को मसाज दें-**स्कैल्प स्टिमुलेशन या स्कैल्प मसाज हेयर फॉल रिड्यूस करने में आपकी मदद कर सकते हैं। स्कैल्प को मसाज देने से ब्लड फ्लो बढ़ता है।

# ऑब्जेक्शन ओवररूल्ड! नेटफ्लिक्स ने 'मामला लीगल है' सीज़न 2 का ट्रेलर जारी किया

## आपको हँसी से लोटपोट करने के लिए 3 अप्रैल से हो रही है सबसे लोकप्रिय कोर्टरूम कॉमेडी की वापसी



**नई दिल्ली।** न्याय अंधा हो सकता है, लेकिन अगर पटपड़गंज डिस्ट्रिक्ट कोर्ट है, तो उसमें ह्यूमर जरूर होता है। 'मामला लीगल है' के पहले सीज़न में देखने को मिला कि कोर्ट जितने नाटकीय होते हैं, उतने ही मजेदार भी हो सकते हैं, वहीं अब सीज़न 2 में और अधिक अजीबोगरीब मामले देखने को मिलेंगे, जिनसे निपटेगी वही गजब टीम, जिसे हर कोई प्यार करता है। नए जारी हुए ट्रेलर में दर्शकों को कुछ ऐसे मामले देखने को मिलेंगे, जिनमें जबरदस्त लड़ाई, तेज बुद्धि और अप्रत्याशित मोड़ के साथ और अधिक मजेदार घटनाएं होंगी।वी.डी. त्यागी को आखिरकार जज की कुर्सी मिल ही गई, पर यहाँ घटने वाली अजीबोगरीब घटनाओं का नेतृत्व करने का बोझ कितना ज्यादा होने वाला है? यह सब देखकर केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि आपको भी चक्कर आ जाएगा। पटपड़गंज के वकील एक बार फिर वापस आ रहे हैं। वो बिजली के झटके देने वाले गेट से लेकर स्टिंग ऑपरेशन और सीक्रेट लव अफेयर तक हर चीज को संभालते हुए पूरे कोर्टरूम में उथल-पुथल मचाने वाले हैं। साथ ही, इसमें देखने को मिलेगी ऐसी इंटरपर्सनल डायनामिक्स, जो खुदबखुद चिंगारी भड़का सकती है।पोषम पा पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस सीरीज़ में शो-रनर समीर सक्सेना हैं। इसके डायरेक्टर राहुल पांडे हैं। सौरभ खन्ना और कुणाल अनेजा द्वारा निर्मित किरदारों और दुनिया पर आधारित नए सीज़न की कहानी सैयद शदान, मोहक अनेजा और तत्सत पांडे ने लिखी है, तथा कुणाल ने टीम को लीड किया है।वी.डी. त्यागी के किरदार में वापसी कर रहे, एक्टर रवि किशन ने कहा, कि ÷मामला लीगल है सीज़न 2 में वी.डी त्यागी के रूप में वापसी करके ऐसा महसूस हो रहा है कि मैं अपने घर यानी, अपने मजेदार और प्यारे कोर्टरूम में लौट आया हूँ। इसके पहले सीज़न को दर्शकों से काफी स्नेह मिला। ऐसे किरदार हर कलाकार का सपना होते हैं, जो लोगों के दिलों में बस जाएँ। मेरे लिए त्यागी का किरदार ऐसा ही है। 'मामला लीगल है सीज़न 2' में, दर्शकों को और अधिक ह्यूमर एवं गहरे रिश्ते देखने को मिलेंगे। दुनिया की अफरा-तफरी और कॉमेडी के बीच, दर्शक और अधिक ईमानदारी, अपनापन एवं जज्बात महसूस करेंगे। पोषम पा पिक्चर्स और नेटफ्लिक्स के बीच यह सबसे अच्छे सहयोगों में से एक है। मुझे उम्मीद है कि इस नई सीरीज़ में दर्शकों को अपने रोजमर्रा के जीवन की हार-जीत की झलक मिलेगी।

# जन्म से पहले शुरू होती है सुरक्षाः पहले 1,000 दिनों में टीकाकरण की भूमिका



**दैनिक अधिकार/ जयपुर।** हर साल नेशनल वैक्सीनेशन डे हमें यह याद दिलाता है कि टीके कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों से बचाव में कितनी अहम भूमिका निभाते हैं। आमतौर पर लोग टीकाकरण को केवल बच्चों के टीकों से जोड़कर देखते हैं, लेकिन स्वास्थ्य सुरक्षा की शुरुआत बच्चे के जन्म से पहले ही हो जाती है।डॉ. मितुल गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, कोकून हॉस्पिटल, जयपुर के अनुसार, जीवन के पहले 1,000 दिन – यानी गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दो साल की उम्र तक का समय – अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवधि में मातृ टीकाकरण और नवजात शिशु का समय पर टीकाकरण बच्चे को कई बीमारियों से बचाने के साथ उसके स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव रखने में मदद करता है।

**पहले 1,000 दिन क्यों होते हैं इतने महत्वपूर्ण-**जीवन के पहले 1,000 दिन बच्चे के शारीरिक विकास और उसके प्रतिरक्षा तंत्र के तेजी से विकसित होने का समय होते हैं। इस दौरान बच्चे का शरीर संक्रमण और बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील रहता है। इसलिए इस शुरुआती समय में समय पर टीकाकरण करवाना बहुत जरूरी होता है, क्योंकि इससे बच्चे का प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है और वह कई गंभीर व जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रह सकता है।संक्रमण से बचाव की शुरुआत केवल बच्चे के जन्म के बाद नहीं होती, बल्कि गर्भावस्था के दौरान ही हो जाती है। इस समय मातृ टीकाकरण मां और बच्चे दोनों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता है। जब गर्भवती महिलाओं को आवश्यक टीके लगाए जाते हैं, तो उनके शरीर में बनने वाली एंटीबॉडी प्लेसेंटा के माध्यम से बच्चे तक पहुंचती हैं। इससे बच्चे को जीवन के शुरुआती महीनों में प्रारंभिक सुरक्षा मिलती है, जब उसका प्रतिरक्षा तंत्र अभी पूरी तरह विकसित नहीं हुआ होता।

**मातृ टीकाकरण की भूमिका-**मातृ टीकाकरण उन बीमारियों से बचाव में मदद करता है जो गर्भावस्था के दौरान या बच्चे के जन्म के शुरुआती समय में गंभीर समस्या बन सकती हैं। कई स्वास्थ्य प्रणालियों में गर्भावस्था के दौरान कुछ टीकों की विशेष रूप से सलाह दी जाती है, जैसे टिटनस, इन्फ्लुएंजा और पर्टुसिस (व्हूपिंग कफ)। ये टीके न केवल मां में संक्रमण के खतरे को कम करते हैं, बल्कि नवजात शिशु को भी शुरुआती महीनों में होने वाली कुछ जटिलताओं से बचाने में मदद करते हैं, जैसे श्वसन संक्रमण या गंभीर बीमारी। कई मामलों में मातृ टीकाकरण बच्चे के लिए एक तरह की प्रारंभिक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है, जब तक कि उसका नियमित बचपन का टीकाकरण शुरू नहीं हो जाता।

**नवजात शिशु के टीकाकरण का महत्व-**बच्चे के जन्म के बाद समय पर टीकाकरण निवारक स्वास्थ्य देखभाल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाता है। जीवन के पहले महीने में लगाए जाने वाले टीके बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं, जैसे टीबी, हेपेटाइटिस-बी, पोलियो, डिप्थीरिया, पर्टुसिस और खसरा आदि।नवजात शिशु के टीकाकरण का शेड्यूल इस तरह तैयार किया जाता है कि बच्चे को शुरुआत से ही अधिकतम सुरक्षा मिल सके। यदि बच्चों का टीकाकरण तय समय के अनुसार पूरा किया जाए, तो इससे न केवल बच्चों की सुरक्षा होती है बल्कि समाज में सामूहिक प्रतिरक्षा (हर्ड इम्युनिटी) भी मजबूत होती है और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा कम होता है।

जागरूकता बहुत जरूरी



# इन घरेलू नुस्खों से बढ़ाएं अपनी गर्दन कंधों और बाजुओं का सौंदर्य

ऑफ-शोल्डर टॉप पहनने पर गर्दन, बांह और कंधे खुले रहते हैं। इसलिए इन जगहों की स्किन के टैन होने और दाग-धब्बे होने की आशंका बनी रहती है। कुछ उपाय अपनाकर गर्दन, बांह और कंधे की स्किन को मुलायम और चमकदार बनाया जा सकता है। इन दिनों ऑफ-शोल्डर टॉप काफी ट्रेंड में हैं। बाजार और लड़कियों के वार्डरोब दोनों ही ऑफ-शोल्डर टॉप से भरे हुए हैं। यह हॉट लुक देने के साथ-साथ काफी आरामदायक है। इस टॉप को इस तरह डिज़ाइन किया जाता है कि आपकी गर्दन, बाहों और कंधे दिखते रहते हैं। इसलिए ऑफ-शोल्डर टॉप पहनने वाले लोगों को गर्दन, बांह और कंधों की स्किन की भी विशेष केयर करनी पड़ती है। उन्हें शाइनी और स्मूद दिखाना होता है। जानते हैं कौन से उपाय अपनाकर गर्दन, बांह और कंधों के अलावा स्किन को शायनी और स्मूद किया जा सके।

**क्यों जरूरी है विशेष केयर-**ऑफ-शोल्डर टॉप पहनने पर गर्दन, बांह और कंधों पर कपड़े मौजूद नहीं रहते हैं। वहां की स्किन खुली रहती है। शरीर के इन स्थानों के न सिर्फ धूल-मिट्टी के संपर्क में आने का खतरा रहता है, बल्कि सीधी धूप भी पड़ती है। इससे स्किन टैन होने का खतरा बना रहता है। साथ ही, स्किन पर एक्ने और दाग-धब्बे होने की आशंका भी बनी रहती है। इसलिए स्किन की विशेष केयर करनी पड़ती है।

**1 एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर एलोवेरा जेल लगाएं** –ऑफ-शोल्डर टॉप पहनने के कारण कंधे, बांह और गर्दन की स्किन काली और खुरदुरी हो सकती है। ऐसी स्थिति में एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर एलोवेरा स्किन में पिगमेंटेशन पैदा करने वाले एंजाइम की गतिविधि को रोक देता है। इससे स्किन साफ़ और मुलायम हो जाती है। यह स्किन को हाइड्रेटेड और पोषित भी रखता है।

**कैसे इस्तेमाल करें** –एलोवेरा का ताजा पत्ता लें। पत्ते को काट लें। एलोवेरा जेल को सीधे अपनी गर्दन, बांहों और कंधों पर लगाएं। इससे धीरे-धीरे मालिश करें। इसे बीस मिनट तक लगा रहने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें। इस उपाय को नियमित रूप से अपनाया जा सकता है।

**2 एपल साइडर विनेगर-**एपल साइडर विनेगर स्किन के पीएच लेवल को संतुलित करता है। मैलिक एसिड की मौजूदगी गर्दन, बांहों और कंधों के डेड स्किन सेल्स को हटा देगी। इससे स्किन को प्राकृतिक चमक मिल जाएगी।

**कैसे इस्तेमाल करें** –दो बड़े चम्मच एप्पल साइडर विनेगर और चार बड़े चम्मच पानी लें। उन्हें अच्छी तरह मिला लें। एक कॉटन बॉल लें। इसे घोल में डुबोएं। इसे गर्दन के चारों ओर लगाएं। इसे दस मिनट तक लगा रहने दें और पानी से धो लें। अच्छे परिणाम के लिए इसे हर दिन किया जा सकता है।**3 बेकिंग सोडा** –यदि स्किन टैन हो गई है, तो सबसे पहले डेड स्किन सेल्स से छुटकारा पाना होगा। इसके लिए बेकिंग सोडा सबसे अधिक कारगर रूप से काम कर सकता है। बेकिंग सोडा गंदगी हटाता है और स्किन को अंदर से पोषण देने में मदद करता है। यह स्किन को शायनी और स्मूद भी बनाता है।

**कैसे इस्तेमाल करें** –एक चिकना पेस्ट बनाने के लिए 2 -3 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा को पानी के साथ मिला लें। इसे गर्दन, बांहों और कंधों पर लगाएं। इसे कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। एक बार जब यह सूख जाए, तो इसे गीली उंगलियों से रगड़ें। फिर पानी से धो लें। सही परिणाम पाने के लिए इसे हर दिन दोहराया जा सकता है।



# कोज़ी कार्डियो है आपके हार्ट के लिए एक हेल्दी व्यायाम

कोजी कार्डियो सक्रिय रहने का एक आरामदायक तरीका है। इसमें आप अपने पसंदीदा व्यायामों को उन चीजों के साथ जोड़ देते है जिन एक्टिविटी में आपको मजा आता है।सोशल मीडिया पर आए दिन कई नए नए तरह के फिटनेस ट्रेंड देखने को मिलते है। उन्हीं में से एक है कोजी कार्डियो। ये व्यायाम का एक रूप है जो आपके शरीर पर बहुत अधिक क्ररुर हुए बिना आपके फिट रहने का मौका देता है। इसमें आपको अधिक कठोर होने के बजाय अधिक आराम मिलेगा। वजन उठाने की बजाय से अधिक वाइब्स का मजा लेने का मौका मिलेगा। इसमें कार्डियो में आपकी सेल्फ केयर को ज्यादा प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन कई बार सवाल ये उठता है कि फिटनेस के लिए तो कठोर होना बहुत थकान के साथ वर्कआउट करने की जरूरत होती है। तो क्या ये आराम के साथ किया जाने वाला कार्डियो आपकी फिटनेस के लिए अच्छा है भी या नहीं। तो चलिए जानते है इस कार्डियो के बारे में कुछ बातें।

**कोज़ी कार्डियो क्या है** –कोजी कार्डियो सक्रिय रहने का एक आरामदायक तरीका है। इसमें आप अपने पसंदीदा व्यायामों को उन चीजों के साथ जोड़ देते है जिन एक्टिविटी में आपको मजा आता है। जैसे अपने दोस्तों के साथ एक लंबी वॉक पर जाना या कुछ लक्ष्यों को निर्धारित करके उन्हें पूरा करना जैसे काम के बीच में ब्रेक लेकर एक 5 मिनट की वॉक करना। अधिकांश व्यायाम रिपिटेशन गिनने या भारी वजन उठान पर निर्भर करते हैं, लेकिन कोजी कार्डियो का इस बात पर जोर देता है कि आप कैसा महसूस करते हैं। यह एक ऐसी जगह बनाने पर जोर देता है जहां आप अधिक आरामदायक और आत्मविश्वास महसूस करते हैं। कोजी कार्डियो हाई इंटेनसिटी वाले वर्कआउट से दूर है और इसके बजाय चलना, स्थिर साइकलिंग, योग या पिलेट्स जैसी आरामदायक और कोमल गतिविधियों को शामिल करता है।

**क्या कोजी कार्डियो हार्ट के लिए फायदेमंद है?**कोजी कार्डियो, जैसे चलना, तैरना या साइकिल चलाना जैसी हल्की एक्टिविटी, हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकती हैं। ये कम प्रभाव वाले व्यायाम है, जो की सर्किलेशन में सुधार, हृदय की मांसपेशियों को मजबूत और ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद करते हैं। कोजी कार्डियो तनाव और एंग्जाइटी को कम करने में भी मदद करता है, जो हृदय रोग के लिए जोखिम कारक माने जाते हैं।

# जनगणना 2027 की तैयारियां तेज, जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**फतेहाबाद में 3 दिवसीय प्रशिक्षण में 35 फील्ड ट्रेनर ले रहे भाग**

**16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होगी ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा**

**सटीक प्रशिक्षण ही जनगणना की सफलता की कुंजी : डीसी डॉ. विवेक भारती**

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा ।** हरियाणा राज्य में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में जिला फतेहाबाद में जनगणना विभाग द्वारा 3 दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16 से 18 मार्च तक चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा के सभागार में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी डॉ. विवेक भारती ने किया। इस अवसर पर सीटीएम गौरव गुप्ता भी मौजूद रहे। डीसी डॉ. विवेक भारती ने इस अवसर पर कहा कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके आधार पर सरकार की नीतियां और विकास योजनाएं तय होती हैं। उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रेनर की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि यही प्रशिक्षक आगे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्राप्त किया जा रहा प्रशिक्षण जनगणना कार्य की सफलता के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जितना बेहतर प्रशिक्षण फील्ड स्तर तक पहुंचेगा, जनगणना का कार्य उतना ही प्रभावी और त्रुटिरहित होगा। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक 30 दिनों की अवधि में किया जाएगा। इससे पूर्व 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को 'जनगणना पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे लोग स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात दूसरे चरण में फरवरी 2027 के दौरान जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। प्रथम चरण के बाद प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण चार्ज स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि फील्ड स्तर पर कार्य पूरी तरह व्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से जुड़े सभी कार्यों की पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक स्तर पर स्पष्ट निर्देश और तकनीकी जानकारी उपलब्ध हो, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान निर्धारित समय सीमा में पारदर्शिता, सटीकता और दक्षता के साथ पूरा किया जा सके। सीटीएम ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 फील्ड ट्रेनर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ. गुरनाम चंद व रक्षा देवी द्वारा जनगणना 2027 के निर्धारित मानकों के अनुरूप विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसमें मकान सूचीकरण, परिवार विवरण, डिजिटल डेटा संकलन, मोबाइल एप के उपयोग तथा फील्ड में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से निपटने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है।

# लोकेन्द्र शेखावत ने संभाला नगरपालिका ईओ का कार्यभार

**कस्बे की साफ सफाई, बिजली सहित अन्य व्यवस्थाओ पर रहेगा फोकस, कार्यालय का किया निरीक्षण ।**

**नागरिकों की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और तत्परता से करना ही प्राथमिकताः शेखावत**

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा ।** राज्य सरकार के आदेश पर लोकेन्द्र सिंह शेखावत को मंडावा नगरपालिका में ईओ नियुक्त किया गया है। उन्होंने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जिससे क्षेत्रवासियों को अब नियमित प्रशासनिक व्यवस्था मिलनी शुरू हो गई है। पदभार संभालने के बाद ईओ शेखावत ने नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी ली और कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और तत्परता से करने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि नगर पालिका मंडावा के ईओ जैकी राम गोयल के एपीओ होने के बाद मंडावा पालिका में नए अधिशासी अधिकारी को लगाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के आदेश पर लोकेन्द्र सिंह शेखावत को मंडावा नगरपालिका में ईओ नियुक्त किया गया है, वे अजमेर नगर निगम से यहां आए है। गौरतलब रहे कि इससे पहले जैकीराम गोयल अधिशासी अधिकारी का कार्यभार संभाल रहे थे उन्हें एपीओं कर दिया गया है । शेखावत के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर कस्बेवासियों और जनप्रतिनिधियों ने नव नियुक्त ईओ का स्वागत किया। इस अवसर परदलीप सिंह वाहिदपुरा,पूर्व पालिका के उपाध्यक्ष नबाब खत्री, अब्बास खान,सत्यनारायण बावलिया, आनन्द बिहारी सोलकी, मुकेश कुमार,कपिल बावलिया, राजपाल सिंह, सुरजीत सिंह, तेजपाल सैन, राहुल शर्मा,अरविंद कुमार, चंद्रभान सेन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## ज्योतिष पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन पूजा, समय संशोधन व मुहूर्त की जानकारी दी



भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

स्वर्गीय पंडित नटवरलाल जोशी की स्मृति में भारत सरकार के केंद्रीय विश्वविद्यालय के सौजन्य से श्री शंकराचार्य अभिनव शिक्षण समिति द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली आधारित कार्यशाला के अंतर्गत ज्योतिष- पौरोहित्य एवं पारंपरिक पंचांग प्रशिक्षण शिविर के चतुर्थ दिन मंगलवार को पूर्व प्राचार्य डॉ भंवरलाल शर्मा ने ज्योतिष इतिहास जन्मपत्री प्रकरण ईस्ट लग्न निकालना राजस्थानी दोहों के माध्यम से समझाया ।यहां केसरीनंदन हनुमान मंदिर में आयोजित शिविर में आचार्य महेंद्र ने गन्डमूल नक्षत्र व मुहूर्त प्रकरण व पं. नवीन जोशी स्थानीय समय माध्यममान स्टेंडर्ड समय अन्तर अक्षांश व देशान्तर से समय शोधन व पूजा के आठ प्रकार के बारे में बताया। गोवर्धन शास्त्री व बलराम शर्मा ने वरूण, षोडसमातृका, नवग्रहपूजन विधान बताया। जबकि महावीर मरडाटू ने ज्योतिष संभावना प्रतिस्पर्धा व चुनौती पर अपने विचार रखे ।इस अवसर पर पुरूषोत्तम मिश्र महेश खुडीवाला, बुध्दिप्रकाश व्यास, शशिकांत जोशी दामोदर स्वामी उपस्थित रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के ब्रांड एम्बेसडर केके गुप्ता ने स्वच्छता कार्यशाला को किया संबोधित

# मुख्यमंत्री का संकल्प है स्वच्छ राजस्थान बनाना है इस अभियान को जन आंदोलन बनाकर शहर के हर हिस्से को बनाएं स्वच्छ : ब्रांड एम्बेसडर केके गुप्ता

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा ।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत राजस्थान सरकार के ब्रांड एम्बेसडर केके गुप्ता ने मंगलवार को नगर परिषद बूंदी सभागार में जिले के समस्त नगर निकायों के अधिकारियों की कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यशाला में सीवरेज प्रोजेक्ट, जल जीवन मिशन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल कुछ दिनों का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह पूरे वर्ष निरंतर चलने वाला जनआंदोलन है। इसे प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने में अधिकारियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के पास पर्याप्त संसाधन, कर्मचारी और बजट उपलब्ध हैं, इसलिए इनका सही उपयोग करते हुए स्वच्छता को शहर के हर हिस्से तक पहुंचाया जाना चाहिए। ब्रांड एम्बेसडर ने कहा कि सभी निकायों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, रात्रिकालीन सफाई सुनिश्चित की जाए तथा सार्वजनिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई कराई जाए। इसके साथ ही खाली प्लॉटों की सफाई, प्लास्टिक मुक्त वातावरण, सड़कों पर आवारा पशुओं की रोकथाम, स्ट्रीट लाइटों की समुचित व्यवस्था, पार्कों की स्वच्छता तथा सड़कों और डिवाइडरों को साफ-सुथरा एवं गड्ढा मुक्त रखने पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की स्वीकृति देते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण सामग्री सड़कों पर न डाली जाए। स्वच्छता के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है, इसलिए आमजन स्वयं गंदगी न फैलाएं और यदि कोई गंदगी फैलाता है तो उसे रोकने व टोकने की जिम्मेदारी भी निभाएं। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा साहब का संकल्प है कि हमारा राज्य समृद्ध और विकसित बने जिसके लिए स्वच्छ भारत मिशन अभियान सबसे प्राथमिक कड़ी का कार्य करता है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में गत वर्ष आयोजित राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम जिसमें लगभग 30 हजार करोड रुपए से अधिक का निवेश के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए जिसमें से 8 हजार करोड़ के एमओयू पर काम भी प्रारंभ हो गया है यह राजस्थान के लिए बहुत बड़ा गौरव का विषय है जिसका सारा श्रेय राजस्थान यशस्वी मुख्यमंत्री को जाता है इससे राजस्थान समृद्ध और विकसित राजस्थान बनेगा तथा हम सबको मिलकर स्वच्छ राजस्थान बनाना होगा।

**मुख्यमंत्री को दिया जा रहा है फीडबैक, जीरो टॉलरेंस नीति के साथ काम होगा**

गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा समय-समय पर स्वच्छ भारत मिशन शहर के तहत विभिन्न निकायों में ली जा रही बैठकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है और हमारे द्वारा प्रत्येक निकाय के अधिकारियों की कार्यशैली के संबंध में फीडबैक दिया जा रहा है। हमारे द्वारा पिछले 1 महीने के भीतर 21 जिलों की 145 निकायों में बैठके आयोजित की गई है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि स्वच्छता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और जीरो टॉलरेंस नीति के साथ में काम होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट आदेश दिए हैं कि स्वच्छ भारत मिशन में हमें उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने हैं और राजस्थान प्रदेश को देश के सभी राज्यों में अव्वल स्थान पर देखना है। हमें सभी लक्ष्य प्राप्त करते हुए परिणाम प्राप्त करने हैं जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुप्ता ने कहा कि सुशासन अर्थात जनता को एक लोक कल्याणकारी शासन व्यवस्था का अनुभव होना चाहिए जिसके लिए स्वच्छ भारत मिशन पहली सीढ़ी का कार्य करता है। स्वच्छता आम जनता के साथ प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। जहां स्वच्छता होगी वहां पर गंदगी और बीमारियां नहीं रहेगी जिससे लोग भी स्वस्थ रहेंगे शासन व्यवस्था को भी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना जैसी मेडिक्लेम योजनाएं संचालित करनी पड़ती है जिसमें सरकार का करोड़ों रुपया खर्च होता है। स्वच्छता होने पर लोग बीमार नहीं पढ़ेंगे तो ऐसी योजनाओं में खर्च होने वाली राशि अन्य आधारभूत विकास कार्यों में खर्च हो सकेगी।

**90 ए के अंतर्गत भू उपयोग और कॉलोनाइजर की जिम्मेदारी के बारे में स्पष्ट निर्देश दिए --**

90 ए को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए की 90 ए करने के पश्चात जब तक निर्माण की स्वीकृति जारी नहीं की जाए जब तक भूमि का पूरा डेवलपमेंट संबंधित भू मालिक द्वारा नहीं कर दिया जाए। जिसमें रोड लाइट, पानी, नाली, बगीचे तथा अगर कोई कॉलोनी नई बन रही है, उसका पानी बरसात के अंदर किसी झील या तालाब में जाने की संभावना हो तो उस जगह गंदे पानी का ट्रीटमेंट प्लांट अवश्य लगवाने के लिए पाबंद करें अन्यथा झील तालाब प्रदूषित हो जाएंगे जैसे आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने पश्चात ही उसे जो 12.5 परसेंट प्लॉट रोके गए हैं, उसको आवंटन किया जाए उससे पहले किसी भी सूरत में अगर आपने आवंटन कर दिया तो उसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार रहेगा। जनता यह नहीं समझती की कॉलोनी में डेवलपमेंट संबंधित मालिक द्वारा किया जाएगा वह तो केवल निकायों को कोसती है तथा निकाय से उम्मीद करती है कि सभी तरह की सुविधा उन्हें उपलब्ध कराई जाए, जबकि यह स्पष्ट है कि जो भी व्यक्ति कॉलोनी काटेगा वही सारी व्यवस्थाओं सुविधाओं का संचालन करेगा।

## संवेदनशील जनसेवा की मिसालः विधायक राजेन्द्र मीना ने लकवाग्रस्त भाइयों तक पहुंचाई राहत, व्हील चेयर से बदली जिंदगी की राह

भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।



**मनोज खंडेलवाल ।** महवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोड़ान का बास, हिंगोटा में जनसेवा का ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने यह साबित कर दिया कि जब नीयत साफ हो तो राहत के रास्ते खुद बन जाते हैं। यहां लंबे समय से लकवाग्रस्त तीन भाइयों के संघर्ष भरे जीवन की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीना ने मौके पर पहुंचकर न केवल हालात का जायजा लिया, बल्कि तत्काल राहत दिलाकर संवेदनशील जनप्रतिनिधित्व की सशक्त मिसाल पेश की। कहते हैं कि 'जहां दर्द समझा जाता है, वहीं से राहत की शुरुआत होती है ', और इसी भावना को साकार करते हुए विधायक ने जरूरतमंद परिवार तक मदद पहुंचाई। गांव निवासी मक्खन लाल मीना, उमेदीलाल मीना और नहनजीराम मीना लंबे समय से लकवे की गंभीर स्थिति में जीवन यापन कर रहे थे। आर्थिक और शारीरिक कठिनाइयों के बीच उनका दैनिक जीवन संघर्ष बन चुका था। विधायक जब उनके घर पहुंचे तो स्थिति की वास्तविकता सामने आई, जहां दो भाइयों के पास व्हील चेयर जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं थी। हालात देखकर विधायक ने बिना देर किए दौसा के समाज कल्याण अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क कर तत्काल व्हील चेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप अल्प समय में ही दोनों जरूरतमंद भाइयों तक व्हील चेयर पहुंचा दी गई और उनके जीवन में राहत की नई उम्मीद जगी। इस मौके पर विधायक राजेन्द्र मीना ने स्पष्ट कहा कि उनके लिए राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है और जनप्रतिनिधि होने का असली अर्थ यही है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता समय पर पहुंचे। उनकी यह पहल यह संदेश देती है कि 'जो दर्द बांटता है, वही असली नेतृत्व निभाता है।' स्थानीय ग्रामीणों ने इस मानवीय पहल को सराहते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसी संवेदनशील सोच ही समाज में विश्वास और सहारे की नींव मजबूत करती है। यह पहल न केवल दो जरूरतमंद भाइयों के जीवन में बदलाव लाई, बल्कि पूरे क्षेत्र में यह संदेश भी छोड़ गई कि जनसेवा जब संवेदना से जुड़ती है तो उसका असर सीधा दिल तक पहुंचता है।

# पार्टी के संगठन व विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य- डा. यतेंद्र यादव

**भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्रगढ़ डॉ. यतेंद्र राव के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण**

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।



**मनोज बुलाण ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्रगढ़ के रूप में डॉ. यतेंद्र राव के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि जिला कार्यालय पहुंचे और डॉ. राव को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। दिनभर जिला कार्यालय पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से की गई, जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आहुति देकर संगठन की मजबूती, प्रदेश की उन्नति और देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। डॉ. यतेंद्र राव ने इस अवसर पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व, सभी पदाधिकारियों, देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह एक वर्ष उनके लिए जिम्मेदार, सीख और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया गया। पार्टी के संगठन व विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य है। डॉ. राव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बुड़ौली का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से संगठन को निरंतर नई ऊर्जा मिल रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद भारद्वाज, दयाराम यादव, मार्केट कमेटी नारनौल चेयरमैन बाबूलाल, वाईस चेयरमैन सुरेश चौधरी, पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी, अटेली चेयरमैन दिनेश यादव, मनोनीत पार्षद सवाई सिंह, नीलम कुमारी, परमेश्वर दयाल, धर्मेंद्र शर्मा, जगदीश पासी, मुकेश, सिकंदर सैनी, जिला महामंत्री किशन लाल सैनी, योगेश शास्त्री, युवा मोर्चा प्रभारी मनजीत, नरेंद्र यादव, राजेन्द्र लांबा, नरेंद्र झिमरिया, जिला उपाध्यक्ष शिवरतन, पूर्ण चंद, जोगेन्द्र, अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# टोहाना में भाजपा के दो नहीं तीन-तीन नेता- आप नेता सुखविंदर सिंह गिल

**टोहाना विकास में पिछड़ा जबकि टोहाना में दो नहीं तीन-तीन नेता सत्ता पक्ष में-आप नेता - सुखविंदर सिंह गिल**

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



**रजत विजय रंगा ।** आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश संयुक्त सचिव व आप टोहाना के नेता सुखविंदर सिंह गिल ने हरियाणा में राज्यसभा चुनाव में हुए खेला पर कटाक्ष करते हुए कहा कि टोहाना में भाजपा के दो नहीं तीन-तीन नेता है। उन्होंने कांग्रेसी विधायक परमवीर सिंह को भी भाजपा का नेता बताया क्योंकि परमवीर सिंह ने भाजपा के पक्ष में अपना वोट जानबूझकर रद्द करवाया। उन्होंने कहा कि टोहाना में कांग्रेसी विधायक को पहले ही कई बार गद्दार कहा गया है। इसी कड़ी में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला ने उनके घर के पास शहीद चौक बनवाया और शहीद- ए-आजम भगत सिंह की मूर्ति का मुख उनके घर से आने वाली सड़क की तरफ किया है। क्योंकि लोगों का मानना है कि उनके परिवार वालों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह को फांसी दिलवाने में गवाही दी थी। टोहाना में स्थापित शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी जिसे बाद में शहीद भगत सिंह अध्ययन केंद्र में विकसित करने की बात हुई थी उसका भी नाम-निशान मिटाने का काम टोहाना के इन तीन नेताओं ने किया है। टोहाना सभी साधन संपन्न होने के बाद भी विकास में पिछड़ा है। क्योंकि लोगों का मानना है कि परमवीर और परमवीर के परिवार ने टोहाना से बहुत सारे उद्योग भी अन्य जगहों पर शिफ्ट करवाए। इस बात का सबूत इस बात से मिलता है कि जो विधायक ने जिला परिषद फतेहाबाद की बैठक में हाजिर होकर टोहाना में बनने वाले मेडिकल कॉलेज की वकालत न करके मेडिकल कॉलेज की जरूरत टोहाना को न होने की बात कही। आज इस बात को दोहराते हुए जानबूझकर अपना राज्यसभा का वोट भाजपा के पक्ष में रद्द करवाया। यह हरियाणा की जनता विशेषकर टोहाना की जनता के साथ गद्दारी है। अब समय आ गया है कि टोहाना की जनता को इसके बारे में सोचना होगा क्योंकि टोहाना की जनता ने तो बार-बार इन पर विश्वास किया और विधायक मंत्री तक की कुर्सी तक पहुंचा पर विधायक परमवीर सिंह ने टोहाना की जनता के साथ बार-बार विश्वासघात किया।

# टोहाना सीआईए की कार्रवाईः अवैध पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित आरोपी काबू

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में अपराध एवं आपराधिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए टोहाना टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान भाखड़ा नहर के पास गांव दमकौरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान स्टेडियम के नजदीक एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबराकर वापस मुड़ने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान रणजीत सिंह उर्फ जीता पुत्र गुरदीप सिंह निवासी वार्ड नंबर 18, अंबेडकर चौक टोहाना के रूप में बताई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध .32 बोर पिस्तौल व 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। बरामद हथियार व कारतूस को कब्जे में लेकर नियमानुसार सील कर लिया गया। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 85 दिनांक 16 मार्च 2026 को धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

# बार काउंसिल चुनाव-2026: निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार

## डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को दिए पारदर्शी व शांतिपूर्ण मतदान के निर्देश



भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा ।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में 18 मार्च को आयोजित होने वाले बार काउंसिल चुनाव-2026 के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां अंतिम चरण में पूरी कर ली हैं। डीसी डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय के सभागार में ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पोलिंग अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने स्पष्ट कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान प्रक्रिया से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और समयबद्ध हों, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिला फतेहाबाद में कुल चार पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें दो बूथ फतेहाबाद तथा एक-एक बूथ रतिया और टोहाना में बनाए गए हैं। इन बूथों पर फतेहाबाद में 917, रतिया में 285 तथा टोहाना में 291 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। डीसी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं तथा बिना अधिकृत व्यक्ति को मतदान कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतदान समाप्ति के उपरांत मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में जमा करवाया जाएगा। इस अवसर पर टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा, फतेहाबाद के एसडीएम राजेश कुमार, रतिया के एसडीएम सुरेंद्र सिंह, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएसपी संजय बिश्नोई, नायब तहसीलदार (चुनाव) राज कुमार सिहाग सहित चुनाव ड्यूटी में तैनात ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं पोलिंग अधिकारी उपस्थित रहें।

# सरपंच अरविंद मेघवाल के विवाह आशीर्वाद समारोह में उमड़ी भीड़, सामाजिक एकता की दिखी मिसाल

भीम प्रज्ञा न्यूज.चान्डासर/बीकानेर।



**सोहनलाल परिहार ।** बीकानेर जिले की ग्राम पंचायत चांडासर के सरपंच अरविंद कुमार मेघवाल के विवाह का आशीर्वाद समारोह नापासर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि और समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए और नवदम्पति को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का आयोजन सरपंच अरविंद मेघवाल के पिता एवं शिक्षक राजेंद्र मेघवाल के सानिध्य में किया गया। समारोह में राजनीति, प्रशासन और शिक्षा जगत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें डूंगर राम परिहार (रामसर), रामदेव मेघवाल (कोलासर) वरिष्ठ समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी जेठाराम पटवारी एवं रामलाल गिरदावर, पूर्व प्रधानाचार्य भंवर लाल कडेला तथा 'भीम प्रज्ञा' दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता सोहनलाल परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहे।इसके अलावा आसपास के क्षेत्रों से अनेक सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि और पंचायत समिति सदस्य भी समारोह में पहुंचे। रामलाल परिहार, मदन गोपाल मेघवाल (पूर्व सभा अध्यक्ष), मोडाराम कडेला (पूर्व जिला अध्यक्ष), भंवरलाल परिहार, हीरालाल (कोलासर), अनोपाराम मेघवाल, तहसीलदार मुकेश कुमार, अध्यापक त्रिलोक चंद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया। सभी ने सरपंच अरविंद मेघवाल को सफल कार्यकाल और सुखद दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सामाजिक एकता और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जहां मेघवाल समाज सहित अन्य समुदायों के लोगों ने मिलकर कार्यक्रम में भाग लिया। अतिथियों का स्वागत सत्कार राजेंद्र मेघवाल द्वारा किया गया।

# उरीका स्कूल में कक्षा 9 की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण



भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।

क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, उरीका में कक्षा 9 की छात्राओं को राज्य सरकार की योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रधानाचार्य विनोद कुमार जांगिड़ ने बताया कि यह वितरण बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है, ताकि छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रह सके।साइकिल प्रभारी परमानंद ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 24 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से छात्राओं में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ेगा और उनकी उपस्थिति में भी सुधार होगा।कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास अधिकारी संदीप रेगर, ईश्वर सिंह सहित विद्यालय स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सेवानिवृत्त सैनिक का हुआ बैंक में चयन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



भारतीय जल सेना में करीब दो दशक तक अपनी सेवाएं देने वाले सैनिक को सेवानिवृत्ति के करीब सवा महिने बाद बैंक में चयन हो गया। यह जानकारी देते हुए शिक्षक नेता रामावतार फगेडिया ने बताया कि मानासी गांव के सुरेश कुमार सुपुत्र जवाहर सिंह फगेडिया का 30 जनवरी 2006 को भारतीय जल सेना में चयन हुआ तथा 31 जनवरी 2026 तक 20 वर्षों तक अपनी सेवाएं देकर मुख्य अर्टिफिशर मेकेनिकल इंजीनियरिंग पद से सेवानिवृत्त होने के बाद राजस्थान ग्रामीण बैंक में चयनित होकर मिशाल कायम की है । बैंक में चयन होने पर पारिवारिक सदस्यों, शुभचिंतकों, सहयोगियों व समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# रक्तकोष फाउंडेशन जिला बूंदी सचिव सीताराम मीणा ने उत्तर प्रह्यह्यह्यदेश में किया रक्तदान

भीम प्रज्ञा न्यूज़ नैनवां।



**राकेश कुमार बैरवा ।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले की तहसील दुद्धी में 15 मार्च 2026 को वीर बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय रक्तदाता सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें देश-विदेश से समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया इस अवसर पर रक्तकोष फाउंडेशन बूंदी के जिला सचिव रक्तवीर सीताराम मीणा ने रक्तदान किया। ये रक्तदान सीताराम मीणा ने लोगों के प्रति जागरूकता लाने के लिए संदेश दिया ताकि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को एक वर्ष में दो से चार बार रक्तदान करना चाहिए जिससे हो रही देश में ब्लड की कमी को पूरा किया जा सके। रक्तदान करते समय सीताराम मीणा के साथ रक्तकोष फाउंडेशन जिला बूंदी अध्यक्ष ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर, जिला प्रवक्ता रक्तवीर रामलाल मीणा समाजसेवी व अन्य बाहर से आए हुए रक्तवीर रक्तदान करते समय साथ में रहें। प्रगति फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा दुद्धी में रक्तदान के प्रति देश विदेश में जागरुकता लाने के लिए रैली का आयोजन किया गया और इसके बाद में रक्तदान शिविर चालू किया गया जिसमें अलग-अलग राज्यों के रक्तवीरो ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। देश विदेश में हो रही ब्लड की कमी को पूरा करने के लिए प्रगति फाउंडेशन ट्रस्ट के रक्तवीरों और बाहर से आए हुए रक्तवीरों द्वारा संदेश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए जिससे हो रही ब्लड की कमी को दूर किया जा सकता है।

# 108 कुंडात्मक श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ का शानदार आगाज कल से

## नीमकाथाना के पास दाऊ धाम कालाकोटा में होगा यज्ञ का आयोजन

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी



**सुमेर मीणा ।** सीकर जिले के नीमकाथाना उपखंड क्षेत्र के नजदीक दाऊधाम काला कोटा टोडा में कल 19 मार्च से परम पूज्य अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल द्वारा आचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में 108 कुंडात्मक गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ का शानदार आगाज शुरू होगा द्य यज्ञ को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है द्य यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ सनातन धर्म की रीड है द्य भावरिया के अनुसार कल 19 मार्च को ही हजारों के तादाद में महिलाओं द्वारा एतिहासिक विशाल कलश यात्रा भी निकाली जाएगीद्य यज्ञ के दौरान रोजाना श्री ठाकुर जी महाराज के श्रृंगार दर्शन भी श्रद्धालुओं को होंगे द्य यज्ञ का आयोजन 19 मार्च से 27 मार्च तक चलेगा 27 मार्च को पूर्णाहुति होगी एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा द्य यज्ञ के दौरान कथा का आयोजन भी होगा द्य रात्रि में रासलीला का भी आयोजन होगा जो 7:00 से 10:00 बजे तक चलेगा द्य मदनलाल भावरिया के अनुसार 27 मार्च को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी साथ ही भंडारे का भी आयोजन होगा जिसमें श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे द्य यज्ञ की तैयारियो को लेकर नीमकाथाना के पास निर्झर धाम आश्रम पर बलदेव दास जी महाराज के सानिध्य में पोस्टर का विमोचन भी किया गया द्य इस मौके पर कथावाचक रणवीर भाई जी शेखावाटी वाले, झडाया बालाजी मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास जी महाराज, अवध बिहारी दास जी महाराज ,कैप्टन रामनिवास ताखर, महेंद्र सिंह तेतरवाल, विद्वान पंडित संजय शास्त्री सहित कई लोग मौजूद रहेंद्य

# बीकानेर में सादगीपूर्ण विवाह बना मिसाल, बिना दहेज संपन्न हुआ विवाह

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।



**सोहनलाल परिहार ।** समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश देते हुए बीकानेर के लालगढ़ क्षेत्र में एक सादगीपूर्ण विवाह का आयोजन किया गया, जो लोगों के लिए प्रेरणा बन गया। गली नंबर 4, रामपुरा बस्ती, लालगढ़ निवासी मेघराज पुत्र ओमप्रकाश पंवार ने 9 मार्च को सुमन पुत्री भूराराम चौहान (भरू पावा, बीकानेर) के साथ बिना किसी दहेज के सादगीपूर्वक विवाह किया। विवाह समारोह में अनावश्यक खर्चों से बचते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सरल तरीके से कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस विवाह का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाना और यह संदेश देना रहा कि विवाह एक पवित्र संबंध है, जिसे दहेज जैसी कुप्रथा से जोड़ना उचित नहीं है। परिवारजनों और स्थानीय लोगों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यदि अधिक से अधिक लोग इस प्रकार बिना दहेज के विवाह करें, तो समाज से दहेज प्रथा को समाप्त करने में बड़ी मदद मिल सकती है। यह विवाह समाज के लिए एक आदर्श उदाहरण बनकर सामने आया है। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे भी दहेज प्रथा को त्यागकर सादगीपूर्ण और सम्मानजनक विवाह को बढ़ावा दें।

# किशोरपुरा में चामुंडा माता मंदिर में पहली बार लगेगा 27 मार्च को नवरात्रि पर मेला

## 26 मार्च को होगी भजन संध्या मशहूर कलाकार आयेंगे

## कलश यात्रा निकाली जाएगी विशाल भंडारे का होगा आयोजन

भीम प्रज्ञा न्यूज.चंवरा।



**सुमेर मीणा ।** किशोरपुरा गांव की पहाड़ी पर स्थित आराध्य देवी श्री मां चामुंडा माता के मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर 27 मार्च शुक्रवार को पहली बार मेले का शुभारंभ किया जा रहा है । मेला कमेंटी के पंकज मीणा, अजित सिंह शेखावत, सुदर्शन सिंह शेखावत,अभिजीत सिंह,सुमित कुमावत,सीताराम सेन, दीपेन्द्र सिंह दीपू,अजय कटारिया ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर 26 मार्च गुरुवार रामनवमी चैत्र शुक्ल अष्टमी को भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। जिसमें मशहूर कॉमेडियन एवं गायक कलाकार पन्या सेपट उर्फ दीपक मीणा राजस्थान भजन गायिका सुश्री मंजू गहलोत भजन गायक गोपालराव सहित कई कलाकार भजनो की प्रस्तुति देंगे। 27 मार्च को मेला भरेगा सुबह 9:15 बजे महिलाओं के द्वारा श्री रामसागर बालाजी से श्री रघुनाथ जी मंदिर बिहारी जी मंदिर नृरसिंह जी मंदिर होते हुए मेघवाल बस्ती के शिव मंदिर से गांव की परिक्रमा के साथ श्री चामुण्डा देवी माता मंदिर पहुंचेगी । दोपहर में हवन की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा । मेले में कुश्ती प्रतियोगिता भी रखी गई है । गौरतलब है कि मंदिर के महंत हरिदास तुरंत दास महाराज के सानिध्य में होने वाले नवरात्रा की घटस्थापना चामुंडा माता मंदिर में प्रात 12:15 बजे से विधिवत रूप से प.मनीष शास्त्री करेंगे।

# सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

## भव्य कलश यात्रा के साथ कथा ओर धार्मिक कार्यक्रम आरंभ

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे के वार्ड 2 स्थित ब्रह्म बगीची में आज सात दिवसीय संगीतमय श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना ओर पोथी पूजन के साथ हुआ। कथा से पूर्व ब्रह्म बगीची से गांजे बाजे ओर पुष्प वर्षा के साथ कलश यात्रा शुरू हुई । कलश यात्रा मुख्य बाजार, सुभाष चौक से होते हुए कथा स्थल पहुंची जहां विद्वान पंडितों के सानिध्य में मुख्य यजमान राजेश कुमावत सपत्नीक सुनिता कुमावत ने विधिवत पूजा अर्चना कर पोथी पूजन किया। कलश यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीतों और जयघोष के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। कलश यात्रा के कथा स्थल पहुंचने के बाद विधिवत पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके बाद संगीतमय सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का वाचन वृंदावन से पधारे आचार्य कृष्ण कांत मधुकर महाराज ने भागवत कथा महात्म्य का महत्व सुनाया। पहले दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा का आयोजन समस्त वार्डवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। इस दौरान राजेश कुमावत ,सुनीता कुमावत, आयुष, करण, आनंद, सौरभ, सुमित, हिमांशु आयुष, लक्ष्मी, सरोज, संजू, अंजू, ललिता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सीआईएसएफ में चयनित सुनीता बागड़ी का किया स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



बास्केटबॉल में 17 बार नेशनल टीम में खेल चुकी सुनीता बागड़ी का खेल कोटे में सीआईएसएफ में चयन होने पर संत निरंकारी चेरिटेबल फाउण्डेशन की ओर से स्वागत किया गया। निरंकारी सेवादल की सदस्या सुनीता बागड़ी का सीआईएसएफ में खेल कोटे से चयन होने के बाद लक्ष्मनगढ आगमन पर नेशनल हाईवे 52 से नगर के मुख्य मार्ग में सम्मान यात्रा निकाली गई इस दौरान जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया । फाउण्डेशन के गिरीश कुमार ने बताया निरंकारी संतो के सानिध्य में निरंकारी सत्संग का भव्य आयोजन किया गया चूरू जोन 19ए जोनल इंचार्ज शिव भगवान बजाज की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम में बजाज ने कहा कि सुनीता बागड़ी सिद्धांतों के प्रति सदैव दृढ़ रही है निरंकार से जुड़कर विशाल बनी है साहस के साथ अपने कैरियर परिवार व समुदाय को आगे बढ़ाया है । कार्यक्रम में सीकर चूरू रामगढ़ फतेहपुर ढोलास बिसाऊ अनेक स्थानों से संत घर पहुंच कर परिवार के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सुशील महर्षि , कमला, ब्रांच मुखी कुंभाराम मंजू बागड़ी सोहनलाल बागड़ी ने आदि ने स्वागत किया।

# रावणा राजपुत समाज की बैठक आयोजित,हनुमान जंयति मनाने एवं समाज उत्थान पर हुई चर्चा

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे में मुकुन्दगढ़ रोड़ स्थित सीताराम मंदिर में मंगलवार को राजेन्द्र सिंह पंवार की अध्यक्षता में रावणा राजपुत समाज की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी हनुमान जयंति पर्व मनाने के साथ साथ रात्रि जागरण एवं प्रसाद वितरण को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेन्द्र पंवार ने बताया कि बैठक मे समाज उत्थान सहित अन्य मुद्दो पर चर्चा करते हुए वार्षिक लेखाजोखा भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर राजेश रणजीरोत, राजेन्द्र सिंह पंवार, गोविंद सिंह चौहान, किशोर सिंह जादू, राजकुमार निर्वाण, किशोर सिंह शेखावत, गजानंद पंवार, राजेन्द्र सिंह, हरीसिंह नरूका, सत्यनारायण खेजडोलिया, सुनील सिंह, राजेन्द्र सिंह नरूका, सीताराम मेड़तिया सहित अन्य समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# पक्षी मित्र अभियान: टीकमदास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति में पक्षी मित्र अभियान' के अंतर्गत लगाए परिंडे

## मूक पक्षी पर्यावरण के हितेषी है : मिश्रा

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा ।** पक्षी हमारे पर्यावरण का एक अभिन्न अंग हैं। वे न केवल सुबह-सुबह अपनी मधुर चहचहाहट से हमारा मन मोह लेते हैं, बल्कि हमारे पारिस्थितिक तंत्र के नाजुक संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे प्रकृति के माली हैं, जो बीजों का प्रसार करते हैं और फसलों को नुकसान पहुँचाने वाले कीड़ों का सेवन करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से, आज के कंक्रीट के जंगलों और बढ़ते प्रदूषण के कारण, इन मासूम जीवों को भोजन और पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता है। विशेष रूप से भीषण गर्मी के दिनों में, पानी की एक-एक बूंद के लिए पक्षी तरस जाते हैं। इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनको बचाने के लिए उनके लिए अपने घर,आंगन,बगीचे,बालकनी या अन्य जगह पर पानी के सकोरे, परिंडे लगाए। कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति जहाँ गौवंश के लिये उल्लेखनीय कार्य कर रही है उसी कड़ी में आज मूक पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कर के नेक काम कर रही है। जो काबिले तारीफ है। आम लोग भी ऐसी व्यवस्था कर के उनके साथ इस पुण्य के भागीदार बन सकते है। हम सभी भी इन पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था बनाना अपना कर्तव्य समझते हुए पुरा करे। ऐसे विचार मुकुंदगढ़ रोड स्तिथ टीकमदास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति में आयोजित 'पक्षी मित्र अभियान ' के अंतर्गत परिंडे लगाते समय पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सज्जन लाल मिश्रा ने कही। इस अवसर समिति के रविंद्र शर्मा ने बताया कि समिति ने एक दर्जन से अधिक परिंडे मूक पक्षियों के लिए लगाकर उनको नियमित भरने की जिम्मेदारी ली। इस कार्यक्रम में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश सोनी ने कहा कि हम सबको पक्षियों के लिए पानी दाने की व्यवस्था करनी चाहिये। गर्मियों के दिनों में हम देखते है कि प्यास के बहुत से पक्षी दम तोड़ देते है। अगर हम जगह जगह पानी की व्यवस्था बना देंगे तो उनकी जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में समाज सेवी भामाशाह मनोज भादूपोता ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मूक ,बेजुबानो की सेवा करना अपने आप में बहुत पुण्य का काम है जो हर व्यक्ति को करना चाहिये। इस अवसर पर प्रकाश स्वामी,अनुप शर्मा,महेश बारी,बाबूलाल नाई,महंत नरेंद्र सुरोलिया, वंश माथुर, गजेंद्र सिंह ,विक्रम नायक, मोहनलाल , प्रवीण ,शुभम ,हैप्पी उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष किशोर सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया। अंत में सभी अतिथियों ने गौवंश को गुड़ खिलाया ।

# खेड़िया परिवार ने आदर्श विद्या मंदिर को भेंट किया वाटर कूलर व वाटर फिल्टर मशीन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

स्टेशन मार्ग स्थित आदर्श विद्या मंदिर में अध्ययनरत विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए शुद्ध व शीतल जल की व्यवस्था करते हुए खेड़िया परिवार की ओर से वाटर कूलर व वाटर फिल्टर मशीन भेंट किया। जिसका विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को गरिमामय कार्यक्रम में लोकार्पण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में वाटर कूलर व वाटर फिल्टर मशीन भेंट करने वाले दानदाता मनोहर लाल खेड़िया, श्रीमती संतोष देवी खेड़िया, संदीप खेड़िया का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुकेश पाराशर, योगेश टेलर भी मौजूद थे। आयोजित कार्यक्रम में समिति के मंत्री मुरारीलाल महर्षि, व्यवस्थापक पुरूषोत्तम मिश्रा, राजकुमार खिरवेवाल, माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अतिथियों का



स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रतनलाल सैनी ने आभार व्यक्त किया।

# जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण फतेहाबाद की ओर से बीघड़-2 में मेगा कैंप आयोजित : 627 नागरिकों ने उठाया लाभ, मौके पर ही किए गए आवेदन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला से प्राप्त दिशा-निर्देशों के तहत तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहाबाद के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में मंगलवार को गांव बीघड़-2 के पंचायत घर/ग्राम सचिवालय में मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 627 नागरिकों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया और मौके पर ही अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन किए। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दीपक अग्रवाल तथा मुख्य



न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहाबाद गायत्री ने कैंप में शिरकत कर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। श्री दीपक अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे मेगा कैंपों का उद्देश्य जरूरतमंद नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ प्रदान करना है, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान मौके पर ही हो सके। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इन कैंपों का लाभ उठाने का आह्वान किया। कैंप में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुख्य द्वार पर पैनल अधिवक्ता शाहनवाज और सिद्धार्थ बोला द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित की गई, जहां नागरिकों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया। वरिष्ठ नागरिकों के विशेष अधिकारों पर भी जानकारी दी गई तथा प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही प्राधिकरण की गतिविधियों से संबंधित बुकलेट व पंपलेट वितरित किए गए। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल पर 15 पेंशन धारकों ने अपनी समस्याएं दर्ज करवाईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्लूकोमा सप्ताह के तहत जानकारी दी गई तथा 176 लोगों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इसके अलावा 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। राशन कार्ड संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए भी स्टॉल लगाया गया, जहां 10 नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फतेहाबाद की ओर से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई,

# वैश्य एकता दिवस गोशाला में गो सेवा कर मनाया




**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक स्व. सांसद रामदास अग्रवाल का जन्मदिवस वैश्य एकता दिवस के रूप में प्रदेश भर में मनाया गया ।सम्मेलन के सीकर जिला महामंत्री सुरेश अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर मंगलवार को श्री गोपीनाथ गोशाला में गो सेवा कर वैश्य एकता दिवस मनाया तथा गायों को हरा चारा, गुड़, दलिया व रोटी खिलाई गई ।सम्मेलन के जिला अध्यक्ष पवन मोदी ने कहा कि स्व. रामदास अग्रवाल ने वैश्य समाज के सभी घटकों को एक मंच पर लाने का कार्य किया है साथ ही राजनीति में हिस्सेदारी बढ़ाने हेतु प्रयास करने की बात कही उन्होंने बताया कि हम सब को मिलकर वैश्य समाज की एकता का प्रयास करना चाहिए इस अवसर पर गिरधारी पंसारी, सुरेश अग्रवाल, नरेश बगड़िया, सुशील तोदी, विजय झाझुका, ओमप्रकाश पटवारी, महिला अध्यक्ष मंजू लोहिया, महामंत्री मधु सिहोटिया, राकेश मोदी, अरविंद दोदराजका, सक्षम मोदी सहित अनेक सदस्य शामिल थे।

# राज्य मंत्री के.के. विश्नोई बुधवार को नीमराना दौरे पर, औद्योगिक विकास पर फोकस

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** राज्य मंत्री के.के. विश्नोई बुधवार, 18 मार्च को नीमराना औद्योगिक क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे दोपहर 1 बजे जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे रीको कार्यालय, नीमराना पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वे एसआरआई गोटेक फैक्ट्री के मुख्य मार्ग पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण कार्य का अवलोकन करेंगे, झालानी एन्क्लेव स्थित हनुमान मंदिर मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे, और लिबर्टी चौक पर 33 केवी भूमिगत बिजली लाइन का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा, वे 132 केवी पावरहाउस का निरीक्षण करेंगे, एसोसिएशन भवन में नए अग्निशमन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, और औद्योगिक विकास से जुड़े मुद्दों पर औद्योगिक संगठनों, जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। वे हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड फैक्ट्री और जापानी जोन स्थित डायकिन एयरकंडीशनर लिमिटेड का निरीक्षण भी करेंगे। शाम को, वे होटल मनोहर विलास में उद्यमियों के साथ औद्योगिक विकास और 'राइजिंग राजस्थान' विषय पर संवाद करेंगे और स्नेह मिलन समारोह का उद्घाटन करेंगे।

# दोसोद पीएचसी निर्माण में अनियमितता मिली, गुणवत्ता सुधार के निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड क्षेत्र के दोसोद गांव में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) का मंगलवार को शाहजहांपुर-नीमराना खंड के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण कार्य में कई अनियमितताएं सामने आईं। डॉ. सुरेश कुमार यादव ने बताया कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई। विशेष रूप से भवन निर्माण में प्रयुक्त ईंटों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं मिली तथा कार्य सरकार के निर्धारित निर्देशों के अनुसार नहीं किया जा रहा था। इस पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार को मौके पर ही पाबंद करते हुए निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री उपयोग करने और सरकारी मानकों के



अनुसार कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित मानकों के अनुसार ही पूरा किया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसके बाद डॉ. यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माजरी कला में निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। वहां भी उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को बेहतर गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# चिड़ावा में 'श्रीमद भागवत मंगलपाठ' पुस्तक का भव्य विमोचन

**भीम प्रज्ञा न्यूज .चिड़ावा।**

शहर के कॉलेज रोड स्थित पोद्दार पार्क में परमहंस पीठ सनातन आश्रम में बावलियां बाबा की प्रतिमा के समक्ष आयोजित समारोह में वाणी भूषण प्रभुशरण तिवाड़ी द्वारा रचित 'श्रीमद भागवत मंगलपाठ' पुस्तक का भव्य विमोचन अतिथियों के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभुशरण तिवाड़ी ने बताया कि 136 पृष्ठों में संकलित यह ग्रंथ सात अध्यायों में विभाजित है, जिसमें चौपाई, दोहा, सौरठा, छंद, स्तुति एवं गीतों के माध्यम से संपूर्ण श्रीमद्भागवत का सार सरल एवं सुगम भाषा में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि जो श्रद्धालु भागवत सप्ताह आयोजित नहीं कर पाते, वे इस मंगलपाठ के माध्यम से एक ही दिन में संपूर्ण भागवत का पाठ कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। समारोह में उपस्थित विद्वानों व अतिथियों ने इस कृति को उपयोगी व



जनहितकारी बताया तथा पूरा वातावरण भक्ति व श्रद्धा से ओत-प्रोत रहा। इस मौके पर वैद्य जनार्दन शर्मा, उद्योगपति हुकमीचंद लाम्बीवाला, डॉ. एलके शर्मा, शिक्षाविद हीरालाल शर्मा, देवदत्त शर्मा, रामनिवास जांगिड़, अशोक सुरोलिया, पूर्व पार्षद शिवलाल सैनी, कैप्टेन शंकरलाल महरानिया, डॉ. शंभू पंवार, कांतिप्रसाद हलवाई, कवि नगेंद्र शास्त्री, बालकृष्ण चौरासिया, गिरधर गोपाल महमिया, रजनीकांत मिश्रा, सुरेश शेखावत, तेजप्रकाश सोनी, मनीष शर्मा, महेन्द्र रणवा, मातादीन महर्षि, रत्तीराम जांगिड़, डॉ. अशोक शर्मा अरडावतिया सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहें।

# चिड़ावा में 11 लाख की रंगदारी मांगने का मामला, भाजपा नेता के बेटे को मिली धमकी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

चिड़ावा से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद ललित भगेरिया के बड़े पुत्र नीरज से 11 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार परसों देर शाम नीरज को व्हाट्सएप कॉल के जरिए रकम नहीं देने पर गोली मारने की धमकी दी गई। बताया जा रहा है कि पिछले करीब 10 दिनों से नीरज का पीछा किया जा रहा था और उसकी लोकेशन ट्रैक की जा रही थी, यहां तक कि व्हाट्सएप के माध्यम से उसकी फोटो व लोकेशन भी उसे भेजी गई। मामले में नीरज के पिता ललित कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और प्रारंभिक जांच में मामला स्थानीय के साथ-साथ विदेश, विशेषकर दुबई से जुड़े नेटवर्क से संबंधित बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी जल्द ही गिरफ्त में होंगे। कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक देवेंद्र राजावत व डीएसपी विकास ने कहा कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नीरज के चाचा व दिवंगत भाजपा नेता अनूप भगेरिया के साथ भी रंगदारी का मामला सामने आ चुका है।

# भाखड़ा विस्थापित गांवों के समग्र विकास को लेकर डीसी डॉ. विवेक भारती ने की विस्तृत समीक्षा

## पेमाइश, निशानदेही और प्लॉट आवंटन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में भाखड़ा बांध विस्थापित गांवों के विकास कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक गांव के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीसी ने बीबीएमबी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विस्थापित गांवों की बाहरी एवं आंतरिक पेमाइश प्राथमिकता के आधार पर करवाई जाए तथा स्पष्ट रूप से निशानदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इससे भूमि संबंधी विवादों का समाधान होगा और विकास कार्यों में गति आएगी। डीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि निशानदेही के दौरान यदि कहीं भी अवैध कब्जा पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### पात्र व्यक्तियों को ही मिले प्लॉट का लाभ:-

बैठक में प्लॉट आवंटन के विषय पर भी




विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन पात्र व्यक्तियों ने प्लॉट के लिए आवेदन किया है, उन्हें नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर प्लॉट आवंटित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### 'जनभागीदारी और समन्वय से विकास को मिलेगा बल:'

डीसी ने भाखड़ा विस्थापित गांवों की पुरूषार्थ कमेटियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें सक्रिय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है। साथ ही बीबीएमबी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे कमेटियों और स्थानीय प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें, ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति की समय-समय पर समीक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह, बीबीएमबी के कार्यकारी अभियंता मनीष, एसडीओ अंचल जैन, भाखड़ा डैम विस्थापित एसोसिएशन के प्रधान हजारी लाल शर्मा सहित विभिन्न गांवों की पुरूषार्थ कमेटियों के प्रधान एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर:-

बैठक के दौरान विभिन्न गांवों की पुरूषार्थ कमेटियों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं और आवश्यकताएं रखीं। इनमें मुख्य रूप से चौपाल निर्माण, स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था, जोहड़ों का सौंदर्यीकरण, गंदे पानी की निकासी के लिए प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम, आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण तथा गलियों को पक्का करने जैसी मांगें शामिल रहीं। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि गांवों में मूलभूत सुविधाओं का स्तर बेहतर हो सके और ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# फतेहाबाद इकनोमिक सेल की बड़ी कार्रवाई: अमेरिका भेजने के नाम पर 35 लाख की ठगी में आरोपी गिरफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के नेतृत्व में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फतेहाबाद की आर्थिक अपराध शाखा (इकनोमिक सेल) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतीश पुत्र कृष्ण उर्फ पप्पू निवासी गांव समैण (तहसील टोहाना) के रूप में हुई है। इकनोमिक सेल प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि गांव समैण



निवासी सुखविंदर सिंह की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।शिकायत के अनुसार आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के बेटे अंकुश को अमेरिका भेजने का झांसा दिया और इसके बदले 35 लाख रुपये की मांग की। आरोपियों ने युवक को खतरनाक 'डंकी रूट' के जरिए विदेश भेजा, जिसमें उसे थाईलैंड, चीन, पेरिस, ब्राजील, कोलंबिया और पनामा जैसे देशों के रास्ते घुमाया गया। मैक्सिको पहुंचने पर आरोपियों ने पीड़ित का पासपोर्ट और मोबाइल छीन लिया तथा उसे प्रताड़ित किया। इसके बाद अमेरिका बॉर्डर पार करने के दौरान वहां की सुरक्षा एजेंसियों ने उसे पकड़ लिया, जिसके चलते उसे करीब 9 महीने तक जेल/कैंप में रहना पड़ा। बाद में उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच करते हुए थाना सदर टोहाना में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 316(2), 318(4) और 61(2) के तहत मुकदमा नंबर 213/2025 दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस टीम ने अंतरराष्ट्रीय ठगी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।

## सीएम का दिल्ली जाने को लेकर गहलोत पर पलटवार

# आप जाते थे तो दोनों पैरों में पट्टी बांध लेते थे; हमें जुकाम-बुखार भी नहीं होता : सीएम

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली दौरे को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत के सवाल पर पलटवार किया। गहलोत का बिना नाम लिए सीएम ने कहा- आप तो होटलों में सोए थे। आप जाते थे तो एक पैर में नहीं, दोनों पैरों में पट्टी बांध लेते थे। यह पट्टी दिखाती थी कि इनके बस की नहीं है जाने की। सीएम बोले- हमें तो ईश्वर भी शक्ति देता है काम करने की। न हमें जुकाम-बुखार आता है, न पट्टी बंधती है। सीएम भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में ये बातें कही।




राजस्थान दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा- चिंता मत कीजिए। 24 घंटे हमारे मंत्रिमंडल के साथी, विधायक और जनप्रतिनिधि जनता की सेवा करते हैं। 2 साल बनाम 5 साल के कामों पर वे बहस नहीं करना चाहते। बहस से बचने के लिए वे विधानसभा छोड़कर भाग गए। सीएम भजनलाल ने कहा- मैंने विधानसभा में जनता के बीच अपनी सरकार के कामों का प्रतिवेदन दिया। आप अपनी सरकार के काम बता दीजिए, लेकिन यह उसका जवाब नहीं देते हैं।

### सीएम ने कहा- अरे तुम्हारी मर्जी से चलूंगा क्या

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- वे कहते हैं मुख्यमंत्री वहां जा रहे हैं तो क्यों जा रहे हैं। नहीं जा रहे हैं तो क्यों नहीं जा रहे। अरे तुम्हारी मर्जी से चलूंगा क्या, तुम हो क्या मेरे ऊपर? राजस्थान की जनता के लिए जो भी करना पड़ेगा, उसे पूरी तरह से करेंगे। आपके कहने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा और मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

### इनके मंत्री जेल जाकर आ गए, कई लाइन में लगे हैं

सीएम ने कहा- वर्ष 2019 में राजस्थान में जल जीवन मिशन (जेजेएम) योजना शुरू हुई, लेकिन कांग्रेस के लोगों ने उसमें इतना बड़ा घोटाला कर दिया कि उनके मंत्री भी जेल में होकर आ गए। अधिकारी भी लगातार देख रहे हैं कि जेल में जा रहे हैं। कई लाइन में लगे हुए हैं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जिन्होंने राजस्थान के साथ कुठाराघात और भ्रष्टाचार किया है, उसको एक को भी बख्शने वाला नहीं हूं।

### दिल्ली जाता हूं तो कुछ न कुछ लेकर आता हूंमु

**मुख्यमंत्री ने कहा-** जब भी मैं दिल्ली जाता हूं तो यह इस तरह की बातें करते हैं कि दिल्ली कैसे जाते हैं। अरे भाई दिल्ली जाता हूं तो कुछ न कुछ लेकर आता हूं। अभी मेरी दो दिन की मीटिंग थी तो कुछ न कुछ लेकर आया हूं। तुम दिल्ली में सरकार बचाने के लिए जाते थे। आप तो दो-दो महीने होटलों में रहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा- अब यह मुझसे पूछ रहे हैं कि आपने बजट में क्या किया। हमने बजट में घाटे को भी कम किया है और राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ी है। पहले प्रति व्यक्ति आय 1.67 लाख थी, अब प्रति व्यक्ति आय 2 लाख रुपए से ऊपर है।

# मंधाना महिला वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत सातवें स्थान पर पहुंची

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर कायम हैं। रैंकिंग में यह बदलाव न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन के दो स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर आने के बाद हुआ। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बरकरार हैं।

न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 'आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज' के अंतिम मैच में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। 33 वर्षीय ग्रीन की डुनेडीन में खेली गई 73 गेंदों की पारी की बदौलत उनकी टीम ने 200 रन से जीत दर्ज करते हुए श्रृंखला में 3-0 से सूपड़ा साफ किया। इस प्रदर्शन से वह पांच स्थान ऊपर चढ़कर 610 रेटिंग अंकों के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

न्यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर ने आखिरी वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 रन बनाने के साथ 22 रन देकर पांच विकेट झटके और 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार अपने नाम किया। इस बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' भी चुना गया। इस प्रदर्शन से केर 21वें स्थान से संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में 600 से अधिक रेटिंग अंक हासिल किए हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड की इसाबेल गेज भी तीन स्थान की छलांग लगाकर 61वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, तेज गेंदबाज रोजमेरी मेयर सात स्थान ऊपर चढ़कर 58वें और ब्री इलिंग पांच स्थान की बढ़त के साथ 79वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में कप्तान अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले मुकाबले में 44 गेंदों पर 78 रन की पारी खेलकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 694 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर बरकरार हैं।

जॉर्जिया प्लिमर ने 63 रन की पारी खेलकर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह 50वें से 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लेने के प्रदर्शन के दम पर 11 स्थान की छलांग लगाकर 23वां स्थान हासिल किया है। वहीं, सोफी डिवाइन ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 12 रन देकर चार विकेट झटके, जिससे वह 104वें स्थान से 79वें स्थान पर पहुंच गई हैं।




# आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़े कप्तान शुभमन गिल



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के लिए शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। गुजरात की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन के लिए जमकर तैयारी कर रही है और नाथद्वारा के मिराज इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में प्री-सीजन कैंप के साथ उनकी तैयारियां जोरों पर हैं।

आईपीएल 2026 में गुजरात अपने अभियान का आगाज 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में करेगी। गुजरात अपने घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला 4 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। सीजन के पहले चरण के शेड्यूल के मुताबिक गुजरात दो मुकाबले घर में और 2 घर से बाहर खेलेगी।

गुजरात टाइटंस आईपीएल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है। टीम ने चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ का टिकट कटाया है। वहीं, 2022 में गुजरात टाइटंस चैंपियन भी बनी थी। आगामी सीजन के लिए गुजरात ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को अपना बैटिंग कोच नियुक्त करने की घोषणा की है, जबकि भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को सहायक कोच के रूप में चुना है। इस कदम से फ्रेंचाइजी का कोचिंग सेटअप और भी मजबूत हो गया है।

विश्व कप विजेता और अपने दौर के सबसे जबरदस्त सलामी बल्लेबाजों में से एक, हेडन शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर और आधुनिक टी20 बैटिंग की बारीकियों में अपनी विशेषज्ञता के साथ टाइटन्स के सेटअप में शामिल हुए हैं। वह फ्रेंचाइजी के सपोर्ट स्टाफ को और मजबूती प्रदान करेंगे, क्योंकि टीम 2026 सीजन के लिए नए जोश के साथ तैयारियों में जुटी हुई है।

आईपीएल 2025 में शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने एलिमिनेटर तक का सफर तय किया था। हालांकि, एलिमिनेटर मुकाबले में टीम को मुंबई इंडियंस के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन का प्रदर्शन बल्ले से शानदार रहा था। सुदर्शन टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे और उन्होंने 15 मुकाबलों में 156 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 759 रन बनाए थे। वहीं, गिल ने 15 मुकाबलों में 155 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 650 रन बनाए थे।

# डेवोन कॉनवे की आकर्षक पारी, न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रृंखला बराबर की



**हैमिल्टन (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 60 रन की आकर्षक पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

कॉनवे की 49 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया जिसमें जोश क्लर्कसन नाबाद 26 रन बनाकर दूसरे बड़े स्कोरर रहे। इससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 175 रन बनाए।

इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। उसके बल्लेबाजों को पिच की गति और उछाल से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। उनकी टाइमिंग सही नहीं थी जिसके कारण उसके सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी छह विकेट 40 रन पर गंवाए। जॉर्ज लिंडे की तूफानी पारी के दम पर ही वह 100 रन की संख्या पार कर पाया। लिंडे ने 12 गेंदों में तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 33 रन बनाए।

हाल ही में टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के रिजर्व खिलाड़ी रहे सियर्स ने 14 रन देकर तीन जबकि फर्ग्यूसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान केशव महाराज ने कहा, 'मुझे लगा कि हमने एक समय तक बहुत अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब रहा। खेल आगे बढ़ने के साथ विकेट बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हो गया था।' तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा।

# जेके लक्ष्मी सीमेंट 2026 क्रिकेट लीग सीज़न में राजस्थान रॉयल्स का मुख्य प्रायोजक बना

**जयपुर (एजेंसी)।** देश की प्रमुख सीमेंट कंपनी जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड क्रिकेट लीग 2026 सीज़न के लिए राजस्थान रॉयल्स की प्रमुख प्रायोजक (प्रिंसिपल स्पॉन्सर) होगी।

कंपनी के अध्यक्ष एवं निदेशक अरुण शुक्ला ने इस संबंध घोषणा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बताया कि इस साझेदारी के साथ ब्रांड की फिर से वापसी हो रही है और राजस्थान से जुड़ी ये दोनों संस्थाएं एक बार फिर साथ मिलकर काम करेंगी। इस साझेदारी के तहत जे के लक्ष्मी सीमेंट का लोगो राजस्थान रॉयल्स की मैच जर्सी के पीछे प्रमुख रूप से दिखायी देगा। पूरे सीज़न के दौरान यह ब्रांड टीम के गियर, स्टेडियम ब्रांडिंग और मैच डे के डिजिटल कंटेंट में भी नजर आएगा।

उन्होंने कहा कि जे के सीमेंट एक ऐसी कंपनी जो राज्य के औद्योगिक विकास में योगदान देती रही है और राजस्थान रॉयल्स एक ऐसी टीम जो देश के सबसे बड़े खेल मंचों में से एक पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करती है। राजस्थान रॉयल्स की यात्रा हमारी तरह ही है। राजस्थान में मजबूत जड़ें और पूरे देश में बढ़ती उपस्थिति। यह साझेदारी उन लोगों का सम्मान करने के बारे में भी है जो हर दिन मेहनत करके भारत का निर्माण करते हैं, चाहे वे किसी भी राज्य में रहते हों। हम इस साझेदारी को अपने स्टेकहोल्डर्स को टी20 की ऊर्जा और भरोसे एवं निरंतरता जैसे साझा मूल्यों के करीब लाने का माध्यम मानते हैं। छोटे शहरों के घरों से लेकर बड़े शहरों की बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं तक।




राजस्थान रॉयल्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर आलोक चित्रे ने कहा, 'हमें खुशी है कि 2026 सीज़न के लिए जेके लक्ष्मी सीमेंट राजस्थान रॉयल्स का प्रिंसिपल स्पॉन्सर बना है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि राजस्थान का एक प्रमुख ब्रांड रॉयल्स की जर्सी के पीछे होगा। राज्य और उससे आगे मजबूत उपस्थिति के कारण जे के लक्ष्मी सीमेंट हमारे लिए एक स्वाभाविक साझेदार है। हम पूरे सीज़न के दौरान प्रशंसकों और समुदायों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हैं।'

जे के लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीवत्स सिंघानिया ने कहा, 'राजस्थान हमेशा से हमारी यात्रा का अहम हिस्सा रहा है, जिसने हमारी पहचान और विकास को आकार दिया है। राजस्थान रॉयल्स के साथ यह साझेदारी इस मजबूत रिश्ते को और गहरा बनाती है और उत्कृष्टता, बेहतर प्रदर्शन और दीर्घकालिक सहयोग जैसे साझा मूल्यों को दर्शाती है। टी20 लीग राजस्थान को राष्ट्रीय मंच देती है और हमें खुशी है कि हम ऐसी टीम के साथ खड़े हैं जो इस अद्भुत राज्य की भावना और उत्कृष्टता को दर्शाती है।'

# रोहित से सीखा है शांत रहकर कप्तानी करना : सूर्यकुमार

मुम्बई । भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अपने कुशल कप्तानी के लिए चर्चाओं में बने हुए हैं। अब तक उनकी कप्तानी में भारतीय टीम की जीत का रिकार्ड सबसे अच्छा रहा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण सूर्यकुमार के शांत स्वभाव को भी माना जाता है, चाहे टीम से कोई गलती ही क्यों न हो जाए वह भड़कते नहीं है। इस पर उन्होंने बताया कि उन्होंने यह तरीका पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से सीखा है। सूर्या ने कहा कि जब वह रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते थे, तब उन्होंने देखा कि रोहित की प्रतिक्रिया हर परिस्थिति में एक जैसा रहती थी। वह गुस्सा करने के बजाय स्थिति को शांत तरीके से संभालते थे। सूर्यकुमार यादव का मानना है कि कप्तान का काम खिलाड़ियों पर दबाव बनाना नहीं बल्कि उन्हें आत्मविश्वास देना होता है। उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी जानबूझकर कैच नहीं छोड़ता या खराब गेंद नहीं डालता। हर खिलाड़ी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता है। अगर गलती हो जाती है तो कप्तान और टीम का काम उसे सुधारने में मदद करना होता है। हालांकि सूर्यकुमार ने साफ किया कि वह व्यक्तिगत आंकड़ों या रिकॉर्ड पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। उनके मुताबिक असली महत्व टीम की जीत का होता है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी खेल में हारना पसंद नहीं है और यही सोच टीम के बाकी खिलाड़ियों में भी दिखाई देती है। सूर्या का मानना है कि जब पूरी टीम एक ही लक्ष्य और सोच के साथ मैदान पर उतरती है, तभी ऐसे शानदार परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। सूर्या की कप्तानी में टीम ने कुल 52 मैच खेले हैं, जिनमें से 42 मुकाबलों में जीत हासिल की है। भारत को सिर्फ 8 मैचों में हार का सामना करना पड़ा, जबकि 2 मुकाबले बिना किसी परिणमा के समाप्त हुए। इस तरह टीम का जीत प्रतिशत 80 फीसदी से भी अधिक है। टी20 जैसे फॉर्मेट में इतना प्रभावशाली रिकॉर्ड किसी भी कप्तान के लिए बेहतरीन माना जाता है।

# एफआईएच हॉकी नेशन कप के लिए अभ्यास कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम



लुसाने। भारतीय महिला हॉकी टीम आजकल एफआईएच हॉकी नेशन कप की तैयारियों में लगी है। एफआईएच हॉकी नेशन कप 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेला जाएगा। साल 2021 में हुई हॉकी नेशंस कप हॉकी प्रो लीग से बाहर रही सर्वश्रेष्ठ रैकिंग वाली टीमों की एक शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिता है। इसमें विजयी रही टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में प्रवेश मिलता है। भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में अंतिम स्थान पर होने के कारण प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा नेशन कप में मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। वहीं इस टूर्नामेंट में भारतीय पुरूष हॉकी टीम भी भाग लेगी। पुरुष वर्ग का टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में खेला जाएगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा। इसके लिए पुरुष टीम भी आजकल कड़े अभ्यास में लगी हुई है।

# धोनी को अगला कोच देखना चाहते हैं गंभीर



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि वह चाहते हैं अगले कोच महेन्द्र सिंह धोनी बने। गंभीर के धोनी के साथ अच्छे संबंध नहीं रहे हैं पर अब ये बयान देकर गंभीर ने दिखाया है कि दोनो में किसी प्रकार की दूरियां नहीं हैं। गंभीर ने धोनी को अपना संभावित उत्तराधिकारी बताते हुए कहा, मैं चाहता हूं कि एक दिन वह मेरी जगह कोच बने। एक कार्यक्रमकके दौरान गंभीर ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा कि उनका विश्व कप फाइनल देखने आना और उनका संदेश देना बेहद खास था। उन्होंने कहा, अच्छा लगा कि वह फाइनल देखने आए और मुझे मुस्कुराने को कहा। मैं चाहता हूं कि एक दिन वह मेरी जगह हों और मैं उन्हें उसी तरह संदेश दूं। यह बयान सिर्फ तारीफ नहीं, बल्कि धोनी के कोच बनने की संभावना की ओर इशारा माना जा रहा है। पहले कई बार गंभीर और धोनी के तनावपूर्ण रिश्तों को लेकर चर्चाएं होती रही हैं। गंभीर अक्सर टीम इंडिया की सफलता में धोनी को ज्यादा श्रेय दिए जाने पर सवाल उठाते थे पर अब अब दोनों के बीच सम्मान और तालमेल साफ नजर आ रहा है। वहीं अगर अनुभव की बात करें तो धोनी के पास पारंपरिक कोचिंग अनुभव कम है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में टीम इंडिया के मेंटर की भूमिका निभाई थी। लेकिन उनकी असली ताकत है मैच को पढ़ने की अद्भुत क्षमता, दबाव में शांत रहने की कला, कप्तान के तौर पर शानदार रिकॉर्ड, आईपीएल के जरिए टी20 क्रिकेट की गहरी समझ; कई विशेषज्ञ मानते हैं कि धोनी पहले मेंटर या डायरेक्टर की भूमिका निभा सकते हैं, फिर कोच बन सकते हैं।

# ईरान विश्व कप मैचों को स्थानांतरित करने के लिए फीफा के संपर्क में: मेक्सिको स्थित ईरान दूतावास

**मेक्सिको सिटी (एजेंसी)।** मेक्सिको स्थित ईरान के दूतावास ने मंगलवार को कहा कि ईरान अपने विश्व कप मैचों को अमेरिका से मेक्सिको स्थानांतरित करने के लिए फीफा से बातचीत कर रहा है। यह कदम उस समय सामने आया है जब सह मेजबान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए ईरान को टूर्नामेंट में भाग लेने से हतोत्साहित किया। फीफा की ओर से अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस तरह की कोई औपचारिक बातचीत चल रही है या नहीं।

फीफा ने इस मामले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। ईरान के अधिकारियों ने पहले कहा था कि विश्व कप के दौरान टीम की सुरक्षा सुनिश्चित करना फीफा और अमेरिका की जिम्मेदारी है। दूतावास ने ईरान फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज के हवाले से बयान जारी करते हुए कहा कि खिलाड़ी और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरान अपने ग्रुप चरण के मैच मेक्सिको में कराना चाहता है।

इस बयान के मुताबिक, 'जब ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह ईरान की राष्ट्रीय टीम की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते, तो हम निश्चित रूप से अमेरिका की यात्रा नहीं करेंगे। हम वर्तमान में फीफा के साथ बातचीत कर रहे हैं कि विश्व कप में ईरान के मैच मेक्सिको में आयोजित किए जाएं।' यह विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में आयोजित हो रहा है। ईरान को 16 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ कैलिफोर्निया के इंगलवुड में मैच खेलने हैं, जबकि 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला निर्धारित है।




विश्व कप शुरू होने से तीन महीने से भी कम समय पहले मैचों का स्थान बदलना अभूतपूर्व कदम होगा। ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बावजूद ईरान टीम का स्वागत है, लेकिन 'मुझे नहीं लगता कि अपने जीवन और सुरक्षा के लिए उनका वहां होना उचित है।' पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान ने टूर्नामेंट में भागीदारी को लेकर मिश्रित संकेत दिए हैं। अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों में इस्लामिक गणराज्य के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ नेताओं की मौत हुई है।

खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने पिछले सप्ताह सरकारी टीवी से कहा था, 'ईरान के खिलाफ किए गए कृत्यों के कारण खेलना संभव नहीं है।' ट्रंप के बयान के बाद राष्ट्रीय टीम ने हालांकि इंस्टाग्राम पर लिखा, 'कोई भी उसे टूर्नामेंट से बाहर नहीं कर सकता।' तेहरान में सरकार के एक प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना फीफा और मेजबान देश अमेरिका की जिम्मेदारी है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा, 'फीफा विश्व कप का आयोजक है। जब उच्च स्तर पर यह चेतावनी दी जाती है कि ईरान के खिलाड़ियों के लिए माहौल सुरक्षित नहीं है, तो यह दर्शाता है कि मेजबान देश के पास इतने बड़े खेल आयोजन के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने की पर्याप्त क्षमता नहीं है।'

ईरान में फुटबॉल बेहद लोकप्रिय है। नौ करोड़ से अधिक आबादी वाला यह देश अब तक सात पुरुष विश्व कप में भाग ले चुका है। इसमें लगातार पिछले चार सत्रों के लिए क्वालीफाई करना भी शामिल है। फीफा रैंकिंग में टीम 20वें स्थान पर है और एशिया में केवल जापान से पीछे है। फीफा ने हाल के दिनों में इस मुद्दे पर कोई नई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने पिछले सप्ताह इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा था कि उन्हें ट्रंप से आश्वासन मिला है कि ईरान टीम का टूर्नामेंट में स्वागत है।

# मैंने हमेशा अपने को मशाल थामने वाले के तौर पर देखा : द्रविड़



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नमन समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित पूर्व कप्तान और मुख्य कोच कप्तान राहुल द्रविड़ ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट का हिस्सा रहना उनके लिए सम्मान की बात है। द्रविड़ के कोच रहते ही भारतीय टीम ने साल 2024 में टी20 विश्व कप खिताब जीता था। वहीं साल 2023 में एकदिवसीय विश्वकप में भारतीय टीम फाइनल तक पहुंची थी। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में द्रविड़ ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने हमेशा अपनी भूमिका को बस एक मशाल थामने वाले के तौर पर देखा है। मैंने पिछली पीढ़ी से मशाल थामी। जिसमें पहले मैं एक खिलाड़ी के तौर पर खेल रहा था और फिर अपने काम को मैने मैच के तौर पर आगे बढ़ाया। द्रविड़ ने कहा, अपने समय मुझे भी योगदान देने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिला। मुझे यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि अगली पीढ़ी ने उस विरासत को सफलता पूर्वक आगे बढ़ाया है। साथ ही कहा कि हमें जो सफलताएं मिली हैं उसका बहुत बड़ा श्रेय मौजूदा प्रबंधन, टीम और भारतीय क्रिकेट से जुड़े हर व्यक्ति को जाता है। इस खेल में हम सभी का अपना-अपना समय आता है और हमें अपना योगदान देना होता है। मैंने भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रयास किया है। मैं अपने से पिछली पीढ़ियों से प्रेरित रहा हूं और यह देखना सचमुच अद्भुत है कि हमारे बाद आने वाली पीढ़ियां इस विरासत को और भी ऊंचे स्तर पर ले जा रही हैं। भारतीय टीम के कप्तान और कोच पद को संभाल चुके द्रविड़ ने कहा कि यह अवॉर्ड पाना उनके लिए अत्यंत कृतज्ञता का क्षण था। यह अवॉर्ड पाकर मैं बहुत खुश हूं। मेरा मतलब है कि मैं इस अवॉर्ड के पिछले विजेताओं के रास्ते चला, जो हमारे देश में इस खेल के सबसे बड़े दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं। यह सच में वह लोग हैं जिन्हें मैंने अपना आदर्श माना है, जिनकी तारीफ की है, और यह सभी मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा रहे हैं।

# स्क्वाश के ओलंपिक का हिस्सा बनने के बाद सभी खिलाड़ियो की नजरें लॉस एंजिलिस खेलों पर:अनाहत

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में हर खिलाड़ी का ध्यान मुख्य रूप से लॉस एंजिलिस 2028 खेलों पर होगा क्योंकि इन खेलों के दौरान स्क्वाश ओलंपिक में पदार्पण करेगा। अनाहत ने मंगलवार को यहां कहा कि ओलंपिक में पदक जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है। जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन की टूर्नामेंट से पहले हुई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अनाहत ने कहा, 'बेशक यह बहुत रोमांचक है। यह पहली बार है जब यह ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और सभी खिलाड़ी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।'

उन्होंने कहा, 'इससे पहले कोई भी खिलाड़ी अधिक से अधिक राष्ट्रमंडल खेलों में खेल सकता था लेकिन अब ओलंपिक भी है और बेशक, हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में जाए, खेले और पदक जीते।' अनाहत ने कहा, 'अगले कुछ वर्षों में सभी का यही लक्ष्य रहेगा और दीर्घकाल में मेरे दिमाग में भी यही बात रहेगी कि मैं ओलंपिक तक ट्रेनिंग कर सकूं और संभवतः देश के लिए पदक जीत सकूं।'

जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन पीएसए कॉपर प्रतियोगिता है जो खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक हासिल करने का मौका देगा और साथ ही इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए लय बनाने में भी मदद करेगा। भारत के दूसरे सबसे बेहतर रैंकिंग वाले पुरुष खिलाड़ी रमित टंडन ने कहा कि इस खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किए जाने से कारपोरेट जगत भी इसकी ओर आकर्षित हुआ है।

उन्होंने कहा, 'यह (ओलंपिक) दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है इसलिए वहां पहुंचना हर किसी का सपना होता है। इसके अलावा हमारे खेल को जेएसडब्ल्यू और अन्य कारपोरेट घरानों के जुड़ने से भी फायदा हुआ है जो ओलंपिक में शामिल होने के बाद ही संभव हो पाया है।' टंडन ने कहा, 'ओलंपिक में शामिल होने के बाद पूरे स्क्वाश पारिस्थितिकी तंत्र में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है।'

टंडन ने कहा कि इंडियन ओपन में खेलने से उन्हें कुछ राहत जरूर मिलेगी लेकिन स्क्वाश खिलाड़ी पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के हालात पर भी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा, 'यह स्वदेश में ही हो रहा है इसलिए हमारे लिए बहुत सुविधाजनक है। इसके ठीक बाद मैं लंदन में अगला टूर्नामेंट खेलने जा रहा हूं। अभी तक उड़ान रद्द नहीं हुई है इसलिए यह इस बात पर निर्भर करता है कि युद्ध की स्थिति कैसी रहती है।'

टंडन ने कहा, 'तैयारी के लिहाज से विश्व चैंपियनशिप काहिरा में है जो एक प्रभावित इलाका है। हमें पीएसए से ईमेल मिल रहे हैं जिनमें कहा गया है कि वे स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। वे तारीखों में थोड़ा-बहुत फेरबदल करने पर भी विचार कर रहे हैं।' अनाहत ने कहा कि वह एक समय में एक ही टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं और 2023 में दो कांस्य पदक जीतने के बाद अब वह एशियाई खेलों में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रही हैं।



# सैमसन ने रॉयल्स छोड़ने के कारणों का खुलासा किया

चेन्नई । रॉजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से खेलते नजर आयेंगे। सैमसन ने जिस प्रकार लंबे समय तक रॉयल्स की ओर से खेलने के बाद उसे छोड़ा उसको लेकर कई बार सवाल उठते रहे हैं। जिसको लेकर अब संजू ने अपनी बात रखी है। उनका कहना है कि रॉयल्स में उनका समय समाप्त हो गया था। सैमसन आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले एक ट्रेड डील के जरिये सीएसके में चले गये थे। सैमसन के रॉयल्स छोड़कर अचानक ही सीएसके में जाने से प्रशंसक भी हैरान थे। इसी को देखते हुए आईपीएल के 2026 सत्र से पहले सैमसन ने रॉयल्स छोड़ने के अपने फैसले को लेकर बताया है। सैमसन के अनुसार उन्होंने साल 2018 से 2025 तक रॉयल्स की ओर से खेलनें क बाद देखा कि अब टीम के साथ उनका समय पूरा हो गया है। सैमसन ने रॉयल्स के लिए 11 आईपीएल सीजन खेले हैं। जिससे वह टीम के सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह 2013 से 2015 तक भी इस टीम का हिस्सा रहे थे, इसके बाद उन्होंने दो सत्र 2016-2017 तब की टीम दिल्ली डेयरडेविल्स से खेला था। सैमसन ने कहा, 'यह पहली बार है जब मैं आईपीएल में राजस्थान के खिलाफ खेलने जा रहा हूं। मैं मैदान पर कदम रखते ही भावनाओं के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। खेल ही सब कुछ तय करता है। मैच से पहले और मैच के बाद, जब मैं पुरानी टीम के साथ खेलता हूं, तो वहां कई खिलाड़ी हैं जिनके साथ हमने बचपन में खेला है। बहुत सारे प्रबंधन से जुड़े और सहयोगी स्टाफ के सदस्य भी हैं। मुझे सबका प्यार और सम्मान मिला है। मैंने पहले कहा, हर किसी का अपना समय होता है। मेरा समय राजस्थान रॉयल्स के साथ था पर अब मैंने आगे बढ़ने का फैसला किया है। इसको लेकर मेरा मन उत्साहित भी है।'

# 'मेड इन कोरिया' एक्ट्रेस प्रिया मोहन ने साझा किया कोरिया शूट का दुख



प्रिया मोहन की तामिल फिल्म 'मेड इन कोरिया' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। हाल ही में एक्ट्रेस ने कोरिया में शूटिंग करते हुए आई परेशानी के बारे में एक इंटरव्यू में चर्चा की। साथ ही वहां हुए अपने अनुभव के बारे में भी बताया।

### खाना सबसे बड़ा चैलेंज

अभिनेत्री प्रिया मोहन ने बातचीत में अपनी तामिल फिल्म 'मेड इन कोरिया' के काफी कुछ बताया। उन्होंने कहा कि कोरिया में सबसे मुश्किल है खाना मिलना। क्योंकि कोरिया में हर खाने में रेड मीट डाला जाता है वो नहीं खा सकती थीं। आगे एक्ट्रेस ने कहा कि वो मूल रूप से शाकाहारी हैं। मगर उन्होंने कुछ दिनों पहले ही चिकन खाना शुरू किया है। अपने डाइटिंग के वजह से भी वह सब कुछ नहीं खा सकती हैं।

### मौसम का बदलना भी एक मुश्किल

प्रिया ने बताया कि वो और शूटिंग यूनिट 40 दिनों तक कोरिया में थीं। इस दौरान खाने के साथ-साथ उन्होंने मौसम के बदलाव को भी एक समस्या है। उन्होंने कहा कि कोरिया का मौसम लगातार बदलता रहता है। अगर सुबह गर्मी होती है तो दोपहर में बारिश हो जाती है। वहीं रात में बर्फ गिरने लगती है। इस मौसम की वजह से काफी शूटिंग में काफी मुश्किलें होती हैं।

### काफी एंजॉय की फिल्म की शूटिंग

मेड इन कोरिया एक इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है। इसमें कई कोरियन एक्टर्स भी काम कर रहे हैं। प्रिया मोहन ने अपनी बातचीत में कहा कि मुश्किलों के बावजूद उन्हें फिल्म करने में काफी मजा आया। खास तौर पर कोरियन एक्टर्स के साथ एक्टिंग का अनुभव काफी खास रहा। प्रिया ने कहा कि कोरियन एक्टर्स स्क्रिप्ट पढ़ने से ज्यादा स्वाभाविक एक्टिंग पर ध्यान देतें हैं। साथ ही एक्ट्रेस ने बताया कि वह अपने पहले इंटरनैशनल प्रोजेक्ट के लिए काफी खुश हैं।






## शो छोड़ना आसान है पर जिम्मेदारी निभाना चुनौती

अभिनेत्री निक्की तंबोली रियलिटी शो 'द 50' से बाहर हो गई हैं। उन्हें डबल एविक्शन में शो से बाहर कर दिया गया। शो से निकलने के बाद निक्की ने बुधवार को इंस्टाग्राम के जरिए शो में चल रहे संघर्ष और अपनी हालत के बारे में बात की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक नोट लिखा और अपनी भावनाएं व संघर्ष साझा किए। निक्की ने लिखा, 'कई लोग कह रहे हैं कि जब अरबाज को शो से निकाला गया, तो मुझे भी शो छोड़ देना चाहिए था, लेकिन शो में आने का मतलब जिम्मेदारी और वादा निभाना होता है। भावनाओं में आकर शो छोड़ना आसान लग सकता है पर कमिटमेंट निभाना असली हिम्मत है।' निक्की ने लिखा कि जब मेरे भाई का देहांत हुआ था, तब भी मैं अगले दिन 'खतरों के खिलाड़ी' की शूटिंग के लिए गई थी। उन्होंने लिखा, 'मेरे लिए कमिटमेंट का मतलब यही होता है। भावनाएं सच्ची होती हैं, लेकिन जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। शो ने मुझे हमेशा सम्मान, महत्व और प्राथमिकता दी। कमिटमेंट सिर्फ भावनाओं का नाम नहीं, बल्कि उस हिम्मत का नाम भी है, जब पता होता है कि बाहर लोग आलोचना करेंगे, कहानियां बनाएंगे, फिर भी आप मजबूत रहते हैं।' निक्की ने बताया कि शो में जाने से पहले वे डेंगू से ठीक होकर आई थीं। इसलिए ठीक से परफॉर्म नहीं कर पा रही थीं। उन्होंने लिखा, 'कई लोगों ने मेरी परफॉर्मेंस को जज किया, बिना जाने कि मैं डेंगू से ठीक होकर आई थी। शरीर में थकान, कमजोरी और बहुत ज्यादा थकावट थी। छोटी-छोटी चीजें भी भारी लगती थीं, फिर भी मैं हर दिन हिम्मत से शो में गई।'

उन्होंने कहा कि शो में उनका मुकाबला किसी दूसरे से नहीं बल्कि खुद से था। उन्होंने कहा, 'मेरा असली मुकाबला किसी से नहीं बल्कि खुद से था।अपनी ताकत, सीमाओं और शरीर की लड़ाई से। सबसे कठिन लड़ाइयां अक्सर दिखाई नहीं देतीं। हर दिन वहां पहुंचना, थकान के बावजूद खड़े रहना और हार न मानना यही मेरी असली चुनौती थी। निक्की ने अपनी बात को खत्म करते हुए लिखा, 'अगर किसी को मेरी परफॉर्मेंस अच्छी नहीं लगी तो कोई बात नहीं क्योंकि हर दिन मैं वहां जाकर खुद से लड़ रही थी। मेरी असली जीत यही थी कि शरीर हार मानना चाहता था, लेकिन मैं खड़ी रही और आगे बढ़ती रही।'

## नेगेटिव रोल में दिखेंगे सुधांशु पांडे, अपने 'जटिल' किरदार को लेकर किया खुलासा

टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता सुधांशु पांडे इन दिनों लोकप्रिय शो 'दो दुनिया एक दिल' में नजर आ रहे हैं। इस सीरियल में वे एक निगेटिव किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में उन्होंने खास बातचीत में अपने रोल को लेकर बात की। अभिनेता ने बताया कि उनका किरदार काफी जटिल और लेयर्ड है। इसमें कई ऐसे पहलू दिए गए हैं, जो दर्शकों को चौंका सकते हैं। उन्होंने बताया, 'मैं हर रोल में कुछ नया करने की कोशिश करता हूं ताकि दर्शकों को अनएक्सपेक्टेड मोमेंट्स देखने को मिले और ये सब करना मुझे काफी अच्छा लगता है।' सुधांशु पांडे ने बताया कि शो में उनका किरदार भले ही बाहर से निगेटिव है, लेकिन इसमें कई तरह के डायमेंशन हैं, जो कहानी को धीरे-धीरे सामने लाने का काम करेंगे। सुधांशु पांडे ने कहा, 'मेरी हमेशा से ऐसी किरदार बनाने की होती है जो दर्शकों के दिल में बस जाएं और लंबे समय तक याद रहें। अगर कोई कैरेक्टर दर्शकों से गहरा कनेक्शन बना ले, तो एक अभिनेता के तौर पर मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।' जब उनसे सवाल किया, 'शो में आप एक पिता की भूमिका भी निभा रहे हैं, लेकिन लोगों को लगता है कि आप अभी पिता के रोल के लिए काफी युवा हैं तो उन्होंने कहा, 'पिता बनने का मतलब यह नहीं कि बाल या दाढ़ी सफेद हो जाए। मैं असल जिंदगी में भी पिता हूं। मेरे बच्चे हैं, लेकिन मैं फिट और एक्टिव हूं। समाज में पिता के लुक को लेकर एक स्टीरियोटाइप है, जो गलत है।' उन्होंने आगे कहा कि फिटनेस और एनर्जी हर उम्र के लोगों में होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर कोई शादीशुदा और बच्चों वाला व्यक्ति भी एनर्जेटिक हो सकता है, जबकि बिना परिवार वाला भी अनफिट दिख सकता है। इसलिए हमें ऐसे पुराने विचारों से दूर रहना चाहिए।' शो में डिजिटल क्राइम और सोफिस्टिकेटेड स्कैम जैसे विषय दिखाए जा रहे हैं, जिसको लेकर सुधांशु ने कहा, एजुकेशन और अवेयरनेस दो अलग-अलग चीजें हैं। बहुत पढ़े-लिखे लोग भी स्कैम कर सकते हैं और वही पढ़े-लिखे लोग उनके शिकार भी बन सकते हैं।



## शरवरी बनीं इम्तियाज की फिल्म का हिस्सा



शरवरी वाघ इम्तियाज अली की अपकमिंग फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में नजर आने वाली हैं। इसमें लीड एक्टर के तौर पर दिलजीत दोसांझ नजर आने वाले हैं। आज फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। जिसे देखकर फैंस उत्साहित हैं। टीजर में रोमांस से भरी कहानी की झलक दिखी है। इस बीच शरवरी वाघ ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक इम्तियाज अली के साथ तस्वीर शेयर की है और एक पोस्ट लिखी है। शरवरी वाघ ने एक पोस्ट में लिखा 'इम्तियाज सर यह कहना कि मैं आपके सिनेमा की बहुत बड़ी फैन रही हूं, कम होगा। आज जब हमारा टीजर आया, तो मैं उस दिन को याद कर रही थी, जब मैंने 3 साल पहले एक क्लास अटेंड की थी। इसे आपने मणि सर के लिए कंडक्ट की थी। मैं वहां ऑडियंस में बैठकर आपके क्राफ्ट, आपके विजन और आप बड़े पर्दे पर जो खूबसूरत दुनिया बनाते हैं, उसके बारे में सुन रही थी।' शरवरी ने आगे लिखा 'मुझे याद है कि मैंने उस दिन इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी डाली थी और सोचा था कि मैं किसी दिन आपकी फिल्म का हिस्सा बनूंगी। मुझे क्या पता था कि मैं एक ऐसा टीजर देखूंगी जिसके आखिर में 'ए फिल्म बाय इम्तियाज अली' लिखा होगा और मैं इसका हिस्सा बनूंगी।' शरवरी ने आगे लिखा 'एक यंग एक्टर के तौर पर, जो स्क्रीन पर अलग-अलग तरह के किरदार में ढलने के लिए बेताब है, मेरे लिए 'मैं वापस आऊंगा' का सफर सबसे अच्छा रहा। यह सिर्फ आपकी वजह से हो पाया। रेकी से लेकर शूटिंग खत्म होने तक और कई लंच और डिनर पर हुई बातें मेरी यादों में रहेंगी। थैंक्यू सर! आप सिर्फ एक अच्छे फिल्ममेकर ही नहीं, एक अच्छे इंसान भी हैं!'





## पलाश मुछाल की फिल्म में अहम किरदार निभाएंगे टीवी एक्टर अभिनव शुक्ला



पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा कुछ दिनों पहले की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। अब इस फिल्म में एक टीवी एक्टर भी शामिल हो गया है। इस बारे में सोशल मीडिया के जरिए पलाश मुछाल ने ही जानकारी साझा की है। टीवी एक्टर के साथ एक फोटो भी पोस्ट की है। पलाश मुछाल की फिल्म में टीवी एक्टर अभिनव शुक्ला एक अहम किरदार निभाएंगे। देर रात पलाश मुछाल ने अभिनव के साथ तस्वीर साझा की और फिल्म में उनका स्वागत किया। इस फिल्म में डेजी शाह भी नजर आएंगी।

### कई फिल्में निर्देशित कर चुके हैं पलाश

पलाश मुछाल डायरेक्शन में आने से पहले बतौर म्यूजिक कंपोजर बॉलीवुड में सक्रिय थे। फिर वह निर्देशक की भूमिका में आए। अब तक कई फिल्में बना चुके हैं। पलाश ने 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बनाई हैं। इन दोनों फिल्मों में राजपाल यादव ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

### शादी टूटने का मामला भी चर्चा में रहा

पिछले साल के आखिर में क्रिकेटर स्मृति मंधाना और कंपोजर पलाश मुछाल के शादी का मामला खूब सुर्खियों में रहा। इस साल की शुरुआत में स्मृति के दोस्त ने पलाश पर पैसों की धोखाधड़ी का आरोप लगाया। पलाश ने भी मानहानि का मुकदमा ठोका है। इन सभी बातों के बीच वह अपनी अपकमिंग फिल्म से जुड़े अपडेट लगातार साझा कर रहे हैं।

# 10 जुलाई को रिलीज होगी आलिया-शरवरी स्टारर 'अल्फा'




यशराज फिल्म्स ने अपनी पहली वुमन सेंट्रिक रुपाई फिल्म 'अल्फा' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर यह फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी। शिव रवैल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दोनों एक्ट्रेस का मुकाबला विलेन बने बॉबी देओल से होगा। यह फिल्म वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली ऐसी कहानी है, जिसमें फीमेल स्पाई को केंद्र में रखा गया है। करीब डेढ़ साल तक चली शूटिंग में कश्मीर का एक लंबा शेड्यूल भी शामिल रहा। फिल्म के क्लाइमैक्स में हाई-ऑक्टेन फाइट सीक्वेंस को वीएफएक्स आधारित बनाया गया है, जिसके लिए विशेष रूप से हाई स्पीड वाले बोल्ट कैमरा का इस्तेमाल किया गया।

### शूटिंग में सीक्रेसी का स्केल भी काफी हाई रहा

शूटिंग के दौरान बॉबी के डेडिकेशन की भी काफी चर्चा रही। बताया जाता है कि उन्होंने लगातार आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में काम किया। फिल्म में उनका लुक फिल्म 'एनिमल' से बिल्कुल अलग रखा गया है, जिसमें वे साल्ट-एंड-पेपर दाढ़ी और वेस्टर्न स्टाइल ब्लेजर में नजर आएंगे। शूटिंग के दौरान सीक्रेसी का स्केल काफी ऊंचा रखा गया। क्रू मेंबर्स के मोबाइल फोन तक सेट पर बैन थे। कुछ एक्शन सीन्स को पहले बॉडी डबल्स के साथ शूट किया गया और बाद में फेस रिप्लेसमेंट तकनीक से एक्टर्स के चेहरे जोड़े गए, जिसमें करीब 15 से 20 दिन लगे। 'अल्फा' के सेट पर नई पीढ़ी की झलक भी देखने को मिली। जिमी शेरगिल के बेटे वीर शेरगिल ने भी इस फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया है। 'अल्फा' के अलावा शरवरी की अली-अहान वाली फिल्म यूके में 60 दिनों के लंबे शूटिंग शेड्यूल में हो रही शूट निर्देशक अली ने इस फिल्म को स्टूडियो सेट के बजाय रियल लोकेशंस पर शूट करने का फैसला लिया है। इसी वजह से करीब 60 दिनों का लंबा शेड्यूल यूनाइटेड किंगडम में रखा गया है। शूटिंग मुख्य रूप से लंदन, मैनचेस्टर, बर्मिंघम और लीड्स में होगी। इस फिल्म के भी लुक और सीन लीक न हों, इसके लिए सेट पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह यशराज फिल्म्स के इतिहास के सबसे बड़े सुरक्षा प्रबंधों में से एक है।

### विदेशी एक्शन डायरेक्टर्स को भी टीम में शामिल किया गया है...

अहान-शरवरी स्टारर इस फिल्म की कहानी आधुनिक भारत और अंतरराष्ट्रीय पृष्ठभूमि पर आधारित एक एक्शन-रोमांस है। अहान के किरदार में एक्शन के साथ हल्का-फुल्का हास्य भी होगा। यूके शेड्यूल के बाद फिल्म की टीम भारत लौटकर जयपुर में कुछ अहम हिस्सों की शूटिंग करेगी। फिल्म के हाई-ऑक्टेन एक्शन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए विदेशी एक्शन डायरेक्टर्स को भी टीम में शामिल किया गया है। अहान और ऐश्वर्य ठाकरे के लिए एक लिमिटलेस एक्शन वर्कशॉप आयोजित की गई। फिल्म में अंतरराष्ट्रीय स्तर का हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और हाई स्पीड चेज सीक्वेंस भी हैं। अहान पिछले तीन महीनों से एमएमए ट्रेनिंग ले रहे हैं।

### शरवरी, अहान पांडे के साथ भी एक एक्शन फिल्म में दिखेंगी

शरवरी वाघ जल्द ही निर्देशक अली अब्बास जफर की नई एक्शन-रोमांटिक फिल्म में अहान पांडे के साथ भी नजर आएंगी। अहान इस नए प्रोजेक्ट की तैयारी में जुटे हैं। इसे भी यशराज फिल्म्स ही बना रही है। फिल्म का पहला शेड्यूल 20 मार्च से मुंबई में शुरू होगा।



